भोजपुरी शब्द-संपदा

डॉ. हरदेव बाहरी

भोजपुरी शब्द-सम्पदा

(भोजपुरी भाषा का प्रथम शब्दकोश)

❀

सम्पादक

डॉ० हरदेव बाहरी

❀

एकमात्र वितरक

स्मृति प्रकाशन

१२४, शहरारा बाग, इलाहाबाद

BHOJPURI SHABDA SAMPADA

Dr. HARDEV BAHRI

भोजपुरी शब्द-सम्पदा

एकमात्र वितरक

स्मृति प्रकाशन

१२४, शहरारा बाग, इलाहाबाद

क्षमा-याचना

मैं पंजाब का निवासी था। भाग्य ने इलाहाबाद में ला पटका। भाषाओं और बोलियों से मेरा प्यार शुरू से था ही, यहां के आस-पास की बोलियों का परिचय प्राप्त हुआ, तो भोजपुरी ने मुझे विशेष रूप से आकर्षित किया। एक तो मैंने इसमें पंजाबी की तरह का ओज, प्राचुर्य और ठेठपन पाया, दूसरे मुझे ज्ञात हुआ कि यह हिन्दी बोलियों में सबसे बड़ी बोली है; उत्तर प्रदेश और बिहार के एक विशाल भूभाग के बाहर मारिशस, सरिनाम, त्रिनिदाद, गुआना, फिजी आदि में भी बोली जाती है। कुछ लोगों का दावा है कि भोजपुरी एक भाषा है, बोली नहीं। मैं इस बहस में नहीं पड़ना चाहता। कम-से-कम इस तथ्य से किसी को इन्कार नहीं हो सकता कि संसार की बहुत-सी 'भाषाओं' के बोलने वालों की संख्या इतनी भी नहीं है। मुझे आश्चर्य हुआ कि इतनी बड़ी 'भाषा' या 'बोली' का कोई शब्दकोश नहीं है। हिन्दी भाषा को अधिकाधिक समृद्ध करने के उद्देश्य से हम एक विदेशी भाषा को अपना प्राणस्रोत मान बैठे हैं। यह नहीं जानते कि अपनी संस्कृति की अभिव्यक्ति के लिए अपने देश की भाषाओं और बोलियों में कितनी भारी संपत्ति पड़ी है। इस संपत्ति को खोज निकालना हमारा मुख्य कर्तव्य है। उसी दिशा में 'भोजपुरी शब्द-संपदा' एक छोटा-सा प्रयास है। मैं इसे अनधिकार-चेष्टा नहीं मानता क्योंकि वाग्देवी की सेवा करने का अधिकार मुझे भी है। मैं परदेसी हूँ, बाहरी आदमी हूँ, तो क्या ? हमारी आधुनिक भाषाओं के आदि कोश विदेशियों ने ही बनाये थे।

मैंने इस पुस्तक को 'कोश' का नाम नहीं दिया, क्योंकि मेरे मन में कोश की जो कल्पना है वह इसमें नहीं आ पाई। मैं विस्तार से बचता रहा हूँ। उदाहरण-स्वरूप 'एक प्रकार का पौधा', 'एक प्रकार का कीड़ा' आदि से अर्थ का ठीक-ठीक ग्रहण नहीं होता। यह सही है। परन्तु 'एक पौधा जो सावन में खिलता है और जिसके फूल सफेद होते हैं' से भी उस पौधे की पूरी जानकारी

नहीं हो पाती। इसके लिए चित्र होने चाहिये। इस छोटे से कोश में चित्र देना संभव नहीं था। वास्तव में यह सारा कार्य या तो सरकार का था या बड़ी-बड़ी परिषदों, सभाओं और संस्थाओं का था जिनके पास धन है या जिन्हें सरकार से अनुदान मिलता है। अपने ही बल-बूते पर मैंने यह कार्य किया है। भोजपुरी का यह पहला शब्दकोश है। आने वाली पीढ़ियाँ इस कार्य को आगे बढाएँ। मेरी धृष्टता को सुधी विद्वान् क्षमा करें। इस पुस्तक में अनेक भूलें होंगी, अनेक छिद्र रह गये होंगे---अन्वेषण करने वाले उन्हीं की खोज में रहेंगे। इस बात की चिन्ता न करते हुए मैंने यह कार्य किया है जिसका अपना ऐतिहासिक महत्व तो माना ही जायगा।

इस पुस्तक में १४ हजार के लगभग भोजपुरी के ठेठ शब्द हैं। इनके अतिरिक्त कोई ११ हजार शब्द ऐसे हैं जो या तो हिन्दी में उसी रूप में प्रचलित हैं या जिन्हें हिन्दी जानने वाला पाठक उच्चारण-भेद को समझते हुए सहज में पहचान सकता है। इनकी सूची अलग दी गई है।

भोजपुरी की विशेषताओं का ज्ञान कराने के लिए एक संक्षिप्त सी भूमिका दी गई है जिससे इसकी विशिष्ट ध्वनियों और शब्दनिर्माण तथा व्याकरणिक विस्तार का परिचय प्राप्त हो सकेगा। यह संक्षिप्त परिचय इसलिए आवश्यक है कि कोश में शब्द-रचना का सारा ढाँचा नहीं आ पाता।

इस 'संपदा' को मैं भोजरी के प्रथम अन्वेषक, इस बोली के चलते-फिरते शब्द-भंडार, हिन्दी बोलियों के पारखी, अपने मित्र प्रोफेसर डॉ० उदयनारायण तिवारी को समर्पित करता हूँ। उनसे क्षमा चाहता हूँ कि प्रकाशित होने से पहले मैं उन्हें यह पुस्तक नहीं दिखा सका। अब देखें कि मैंने क्या कर डाला है।

१०, दरभंगा कैसिल,
इलाहाबाद—२

हरदेव बाहरी
१-१-१९८१

भोजपुरी का परिचय

नाम और क्षेत्र--राजा भोज के वंशजों ने काशी राज्य के उत्तर में आकर एक नये राज्य की स्थापना की, और अपनी नयी राजधानी का नाम भोजपुर रखा। यद्यपि उस नगर का वैभव अब नष्ट हो चुका है तथापि इस नाम के दो गाँव, बड़का भोजपुर और छोटका भोजपुर, शाहाबाद जिले में डुमराँव के निकट इस समय भी उसकी स्मृति को सुरक्षित कर रहे हैं। उसी नगर के नाम पर प्रदेश का नाम भी भोजपुर प्रसिद्ध हो गया और उसकी बोली भोजपुरी कहलाई। भोजपुरी का क्षेत्र काफी बड़ा है। इसके अन्तर्गत बहुत-सा भू-भाग उत्तर प्रदेश में है और कुछ बिहार में है। उत्तर प्रदेश में वाराणसी, गाजीपुर, देवरिया, बलिया, आजमगढ़ और गोरखपुर के पूरे-पूरे जिले, और जौनपुर, मिर्जापुर तथा बस्ती जिलों के पूर्वी भाग, और बिहार में शाहाबाद तथा सारन के जिले एवं चम्पारन, राँची और पलामू के दो-तिहाई भाग हैं। नेपाल की तराई में थोड़ा-सा इलाका पड़ता है। छोटा नागपुर की नगपुरिया में भोजपुरी का मिश्रित रूप मिलता है। भारत के बाहर मारीशस, सुरीनाम आदि में भी भोजपुरी बोलने वालों की संख्या लाखों तक है। हिन्दी बोलियों में यह सबसे बड़ी बोली है। बोलने वालों की संख्या चार करोड़ के लगभग है।

साहित्य--भक्त कवियों में धरमदास, धरनीदास और बाबा लक्ष्मी प्रसिद्ध हैं। आधुनिक काल में बिसराम, तेगअली, रामकृष्ण, दूधनाथ उपाध्याय, अम्बिका प्रसाद, भिखारी ठाकुर, मनोरंजन प्रसाद, रामविचार पाण्डेय, प्रसिद्ध नारायण सिंह, श्यामबिहारी तिवारी, चंचरीक, रणधीर लाल, अशान्त आदि बहुत से कवियों ने, राहुल संकृत्यायन और अवध बिहारी सुमन प्रभृति गद्यकारों, और राहुल, भिखारी ठाकुर, गोरखनाथ चौबे आदि नाटककारों ने नाम पैदा किया है। भोजपुरी का लोकसाहित्य विशेषतः सम्पन्न है।

ध्वनियाँ

हिन्दी की तुलना में भोजपुरी की निम्नलिखित विशेषताएँ उल्लेखनीय हैं—

स्वर—

१. अ का उच्चारण कुछ-कुछ बंगला अ की तरह गोलाकार होता है।

२. शब्द के अंत में ह्रस्व इ उ प्राप्त होते हैं, जैसे—आजु, सासु, खोसि, राति में।

३. ए ओ का ह्रस्व उच्चारण भी होता है, जैसे—देउता, देआद, ओसरा, पोइ में।

४. ऐ और औ संस्कृत की तरह संध्यक्षर हैं, समान स्वर नहीं; इन्हें हमने प्रायः अइ/अय, अउ/अव करके लिखा है। जैसे—मोति = मउति, औरत = अउरत, पैसा = पइसा, मैल = मइल।

५. अनुनासिकीकरण की प्रवृत्ति उल्लेखनीय है। जैसे—ढींठ, पूंछल (पूछना), सोंच, खाईं, हींसा (हिस्सा), कहाँर, लड़ाँक, बढ़ियाँ, मउँसी।

६. दीर्घीकरण सामान्यतः हिन्दी से अधिक है, जैसे—पींजरा, फीलम (फिल्म), काथा (कथा), तावा (तवा), बाती (बत्ती), आदि में।

व्यंजन

१. ङ ञ का स्वतन्त्र उच्चारण प्राप्त होता है, विशेषतः ङ का।

२. ण का अभाव है।

३. य व का उच्चारण बहुत कम होता है।

४. श ष के स्थान पर स होता है।

५. ड़ ल की अपेक्षा र की प्रधानता है, विशेषतः शब्द के मध्य में।

६. य व श्रुति के स्थान पर प्रायः अ सुनाई देता है।

७. संगीतात्मक और बलात्मक दोनों स्वराघात पाये जाते हैं।

८. ड केवल शब्द के आदि में आता है।

९. महाप्राणीकरण की प्रवृत्ति सामान्य हिन्दी की अपेक्षा अधिक है, जैसे—फतिंगा (पतंगा), घोड़ (दौड़), माहटर (मास्टर), काल्हि (कल), खम्हा (खंभा)।

संज्ञापद

भोजपुरी में सामान्यतः प्रत्येक संज्ञा के तीन रूप हो जाते हैं; कुछ के दो रूप होते हैं। पुंल्लिग शब्दों के बाद -आ, -वा और -ववा प्रत्यय और स्त्रीलिंग शब्दों के साथ -या तथा -इयवा प्रत्यय जुड़ते हैं।

पुंल्लिग—चमार, चमरा, चमरवा; नाऊ, नउवा, नउववा।

स्त्रीलिंग—रमदेई, रमदेइया, रमदेइयवा।

लिंग—विशेषण और क्रिया में सामान्तः लिंगभेद नहीं होता। हिन्दी के प्रभाव से थोड़ी बहुत प्रवृत्ति देखने में आ रही है।

स्त्री प्रत्यय प्रायः हिन्दी की तरह है; जैसे—

-ई घोड़ी, चाची, मामी, नानी, काकी, बाछी, हरमजादी, चींटी, लड़की, हिरनी, कूकरी।

-इया चुहिया, बिटिया, बुढ़िया, चिरइया।

भोजपुरी के विशिष्ट स्त्री-प्रत्ययों में दो उल्लेखनीय हैं—

-इ नारि, गँवारि, कुआँरि, चुरइलि (यही प्रत्यय प्रायः विशेषणों में भी लगता है)।

-इनि ग्वालिनि, सोहागिनि, मलाहिनि, तेलिनि, धोबिनि, दुलहिनि, नातिनि, दर्जिनि, ओझाइनि, पंडिताइनि।

वचन—संज्ञा से बहुवचन बनाने के लिए— -अन, -अनि, -अन्ह, -अन्हि, -न्ह, -न्हि, -न, -नि प्रत्ययों का प्रयोग होता है; जैसे—घरन, घरन्ह, घरन्हि, घरनि आदि।

संज्ञा और सर्वनाम के साथ सभ और लोग शब्द भी जोड़े जाते हैं; जैसे—रउआंसभ, आमला लोग, रउआं सभन/लोगनि ।

कारक चिह्न या परसर्ग—

कर्ता ० (ने का प्रयोग नहीं होता)

कर्म क, का, कें, ले

करण से, सें

सम्प्रदान ले, लागि, खातिर

अपादान से, सें

सम्बन्ध क, के, केर

अधिकरण में, पर/परि ।

अन्य परसर्गीय शब्द—बाहर/बाहरीं, भीतर/भीतरीं, बिना, बीच, मारे/मारें, संगे, सामने, साथ/साथे

आगां/आगें—राजा आगें

ऊपर—तोहारा ऊपर

ओर—घर का ओर

संतो—हमार सन्तो (मेरे बदले में)

कारन—तोंहरा कारन

खातिर—हमरा खातिर

नियर/निहन—राम नियर/निहन

पड़ें—कवना पड़ें (किधर से होकर)

पाछां/पाछें—उन्हुकरा पाछां/पाछें

पासें—हमरा पासें

बदे—राजा बदे (राजा के लिए)

बिहुने—निंद बिहुने (नींद के बिना)

माझ/माझे—दोरोखा माझ (बरामदे में)

लगें—हमरा लगें (पास)

ले—कहां ले (कहां तक) ।

संज्ञा बनाने वाले प्रत्यय

(क) सामान्य हिन्दी की तरह—

-अक ठनक, झनक, भनक, सुरुक

-अक्कड़ कुदक्कड़, वुझक्कड़, भुलक्कड़, घुमक्कड़, पियक्कड़

-आ झूला, ठेला, मेला, धुआँ

-आई ऊँचाई, जँचाई, चराई, लड़ाई, पढ़ाई, धुनाई, कमाई, सिआई, लिखाई, राजाई, पेराई, हँकाई, पिटाई, चढ़ाई, जड़ाई, कोड़ाई, ढोआई, मिठाई, भलाई, बड़ाई

-आन चलान, उठान, मिलान, उड़ान

-इया बनिया, नगपुरिया, भोजपुरिया

-ती घटती, चुकती, चलती, बढ़ती, भरती

-ना छनना, ओढ़ना, बेलना, ढकना, खेलवना, बिछवना।

-नी करनी, बोअनी, चटनी, ओढ़नी, हँकनी, छेनी, मथनी, झुलनी

इसी प्रकार—गँवार, कोंहार, कहाँर, लोहार, सोनार, पुजारी, भिखारी, चढ़ाव, बचाव, लगाव, जमाव भी उल्लेखनीय हैं।

(ख) फारसी के प्रत्यय—

-आना घराना, सालियाना, नजराना

-खाना छपाखाना, डाकखाना, दवाखाना

-खोर घूसखोर, कर्जखोर, गमखोर, नसाखोर

-गिरी बाबूगिरी, कुलिगिरी

-दान अतरदान, उगालदान, धूपदानी, नसदानी

-दार चौकीदार, थानेदार

-बंदी चकबंदी, नसबंदी, हदबंदी, जमाबंदी, जिल्दबंदी

-बाज कबूतरबाज, धोखाबाज, नकलबाज, मुकदमाबाज, रंडीबाज।

(ग) भोपुजरी के विशिष्ट—

-अन	जारन, झाड़न, डाटन, बाजन, बेठन
-आक/आंक	कहाक, उड़ांक, लड़ांक
-आवन	डेरावन (डर), चुमावन (चुम्बन)
-आस	पिआस, मुतवास, हगास, बुलास
-आहटि	चिलाहटि, घबराहटि, झनझनाहटि, खनखनाहटि
-उआ	खरुआ, ठलुआ बन्हुआ, मेंड़ुआ, सतुआ
-उत (पुत्र)	राउत, ममिआउत, पितिआउत, फुफुआउत, मउसिआउत
-रू	गोरू, गभरू, पड़रू, बछरू, मेहरारू
-हार	करनिहार, चुरिहार, पहनिहार, मनिहार, रहनिहार।

सर्वनाम

उत्तम पुरुष एकव०—मइ/हम; मोरा/हमरा/हमार; मोरा कें, में, सें...

बहुव०—हमनी का, हमरन; हमरन+परसर्ग

मध्यम पुरुष एकव०—तू/तें; तोरा/तोहरा+परसर्ग

बहुव०—तोहनी का, तोहरन+परसर्ग

अन्य पुरुष एकव०—उ/ऊ; ओ, ओकरा; उन्ह+परसर्ग

बहुव०—उन्हन, उन्हनि; ओकरन+परसर्ग

एकव०—ई/ए, एह, हई; एह, एकरा, इन्हि+परसर्ग

बहुव०—इन्हन; इन्हनी+परसर्ग।

एकव० और बहुव० में समान—जे/जउन; परसर्ग से पूर्व—जे, जउने, जउना। से/ते/तउन; परसर्ग से पूर्व—ते, तउना, तउने। के/कउन; परसर्ग से पूर्व—के, कउना, किन्हि। का; परसर्ग से पूर्व—के, कउना। केऊ/केहू; किछु, कुछु; परसर्ग से पूर्व भी वही।

निजवाचक—आपन, अपना। आदरसूचक—रउआं।

विशेषण

प्रायः विशेषण आकारान्त नहीं हैं; इसलिए लिंग-वचन में उनके रूप प्रायः परिवर्तित नहीं होते। इधर कुछ प्रवृत्ति स्त्रीलिंग में -इ लगाने की चल रही है। हिन्दी के प्रभाव से आकारान्त पुंल्लिंग विशेषणों की संख्या बढ़ रही है, उनमें स्त्रीलिंग -ई प्रत्यय जुड़ता है। उदाहरण—

स्त्रीलिंग विशेषण—नान, दहिन, गहिर, लाम, गोर, नोमन, खोट, पातर।

आकारान्त पुंल्लिंग विशेषण—टटका, भगेड़ा, नोना, सुकठा, पकठा।

संख्यावाची विशेषण सब कोश के भीतर दे दिये गये हैं। हिन्दी के पाठकों के लिए निम्नलिखित दिलचस्प हैं—

दुइ, तीनि, छव, एगारह, पनरह, ओनइस, ओनतिस, छत्तिस, चालिस, एकसठि, सइ (सौ), कड़ोर; पहिल, दूसर, चउठ, पँचवाँ, बीसनि (बीसों)।

विशेषण बनाने वाले प्रत्यय

(क) हिन्दी के सामान्य—

-आऊ उड़ाऊ, दिखाऊ, चलाऊ, टिकाऊ, बिकाऊ

-इया/इयाँ घटियाँ, बढ़ियाँ

-इला अगिला, पछिला, मझिला, पहिला, बिचिला

-वाला टोपीवाला, गाड़ीवाला, हाथीवाला, पहरेवाला।

(ख) फारसी से—

-दार ईमानदार, इज्जतदार, समझदार।

(ग) भोजपुरी के विशिष्ट—

-अइल(I) तोनइल (तोंदवाला), घोंघइल (मोटा), बनइल (जंगली), घरइला (घर का)

-अइँ पचइँ (पाँचवीं), छठइँ, सतइँ, दसइँ

-ठ/ठा पुराठ (पुराना), पकठा (पका), सुकठा (सूखा)

-ल फाटल (फटा हुआ), राखल, पाकल, नाथल

-सर दोसर, तिसर

-हर लमहर, फरहर, छरहर

-हा, -आह बउसहा, भद्राह, भुताह, पछिमहा, दखिनहा।

सार्वनामिक विशेषण और क्रियाविशेषण

ई, ऊ, जे/जउन, से/ते/तउन तथा के सर्वनामों का प्रयोग विशेषण के रूप में होता है। बल देने के लिए इनके बाद ए, ओ, हे, हो जोड़े जाते हैं। सर्वनामों से जो विशेषण बनते हैं, उनकी सूची इस प्रकार है—

अइसन/एइसन, जइसन, तइसन, कइसन

अतेक/एतेक, ओतेक, जेतेक, ततेक/तितेक, केतेक

अतना/एतना, ओतना, जतना/जेतना, कतना/केतना।

क्रियाविशेषण जो सर्वनामों से बनते हैं—

अइस/एइस, ओइस, जइस, तइस, कइस। एह बेरा, ओह बेरा···भी।

इहाँ, उहाँ, जहाँ, तहाँ, कहाँ। एहिजा, एठन, इहँवा, उहँवा आदि।

एने, ओने, जेने, तेने, केने (ओर); एहर आदि भी।

क्रिया

संज्ञार्थक क्रिया—आइल, सुनल (तिर्यक् रूप)

पूर्वकालिक क्रिया—आइ, सुनि, सुनिके

वर्तमान कृदन्त—चलत, उड़त (उड़ता)

भूतकालिक कृदन्त—देखल, देखाइल, सूतल (सोया), लूटल

प्रेणार्थक क्रिया—उठावल, उठवावल; जगावल, जगवावल

कर्मवाच्य, भाववाच्य—पढ़ाला (पढ़ा जाता है) अथवा पढ़ा जाला (पढ़ा जाता है)

संयुक्त क्रिया—दिहल, कइल, चाहल, पावल, सकल आदि के संयोग से—जाय दिहल (जाने देना), बइसे पावल (बैठ पाना), जाए चाही (जाना चाहिए), बोल सकल (बोल सकना) आदि।

रूपान्तर

सहायक क्रिया—(जैसे हिन्दी में है, हैं, था, थे, थी; होगा, होगी, होंगे आदि)

वर्तमान काल

	एकवचन		बहुवचन
हम	हई, होखीं	हमहन	हउएँ, होखीं जाँ
तू/तें	हउअ, होख	तोहन	हयूँ, होईं, होखीं
ऊ/ई	हो, होखे	उन्हन	हउईं, होखे/होखीं

हम बाड़ो/बानी (स्त्री० बाड़), तोहन बाड़े/बाटे (स्त्री० बाड़ू) और ऊ/ई बाटे/बाड़े (स्त्री० बाड़ो) का प्रयोग अधिक व्यापक होता जा रहा है। हवे 'सब' पुरुषों में प्रयुक्त होता है।

नकारात्मक एकव०—नइखीं, नइख, नइखे

बहुव०—नइखें, नइखीं, नइखे।

भूतकाल

	एकवचन		बहुवचन
हम	रहलीं	हमहन	रहलीं, रहलीजाँ
तू/तें	रहल	तोहन	रहलीं जाँ
ऊ/ई	रहल/रहले	उन्हन	रहलों

इसी प्रकार भइलीं, भइल आदि भी।

भविष्यत् काल

	एकवचन		बहुवचन
हम	रहबि, होइबि	हमहन	रहबि/रहबे, होइबे
तू/तें	रहब, होइब	तोहन	रहबि, होइबि
ऊ/ई	रहवि, होइबि	उन्हन	रहबि, होइबि

आदरसूचक क्रियारूप भिन्न होते हैं। उनके रूप में अन्त्य स्वर अनुनासिक हो जाते हैं, अथवा अन्त में -स/-ह जोड़ा जाता है।

सामान्य क्रियापद के रूपों की तालिका नीचे दी जा रही है। इसकी सहायता

		उत्तम पुरुष	
		एकवचन	बहुवचन
(१)	चलता	चल्तीं	चल्तीं जा
(२)	चलता है	चलतानी	चलतानी जा
(३)	चलता रहता है	चलत् रहिले	चलत रहिले
(४)	चलता रहा	चलत् रहलीं	चलत रहलीं जा
(५)	चलता रहेगा	चलत् रहव्	चलत रहन् जा
(६)	चलता था	चलत् रहली	चलत रहतीं जा
(७)	चलता होता	चलत् रहतीं	चलत् रहतीं जा
(८)	चलता होगा	चलत् होखब्	चलत होखब् जा
(९)	चल रहा है	चल रहल बानीं	चल् रहल् बानीं जा
(१०)	चल रहा था	चलत रहलीं	चलत रहलीं जा
(११)	चल रहा होगा	चलत रहल होखब	चलत रहल् होखबजा
(१२)	चलेगा	चलब्	चलब्जा
(१३)	चला	चललीं	चललीं जा
(१४)	चला है	,,	,,
(१५)	चला था	चलल् रहलीं	चलल् रहलीं जा
(१६)	चला होता	चलल् रहतीं	चलल् रहतीं जा
(१७)	चला होगा	चलल् होखब	चलल् होखब् जा
(१८)	चलूं	चलीं	चलीं जा
(१९)	देखा रहेगा	देखले रहब्	देखले रहब्जा
(२०)	देखा हो	देखले होखब्	देखले होखब्ऽ जा

से अन्य क्रियापदों के रूप जाने जा सकते हैं—

मध्यपुरुष		अन्यपुरुष	
एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
चलत्/चलित	चल्त/चलित	चलित	चलितन
चलताऽ	चलताऽ	चलता	चलता
चलत रहेलऽ	चलत रहेलऽ	चलत रहेला	चलत रहेला
चलत रहलऽ	चलत रहलऽ	चलत रहल्	चलत रहल्
चलत रहवऽ	चल रहवऽ	चलत रहो	चलत रहो
चलत रहलऽ	चलत रहलऽ	चलत रहल्	चलत रहल्
चलत रहतऽ	चलत रहतऽ	चलत रहित	चलत रहित्
चलत होखबऽ	चलत होखवऽ	चलत होखो	चलत होखो
चल् रहल् बाड़ऽ	चल् रहल्ऽ बाड़ऽ	चल् रहल् बा	चल् रहल् बा
चलत रहलऽ	चलत रहलऽ	चलत रहल्	चलत रहल्
चलत रहल् होखवऽ	चलत रहल होखबऽ	चलत रहल् होखो	वही
चलबऽ	चलबऽ	चलो	चलो
चललऽ	चललऽ	चलल्	चलल्
,,	,,	,,	,,
चलल् रहलऽ	चलल् रहलऽ	चलल् रहल्	चलल् रहल्
चलल् रहतऽ	चलल् रहतऽ	चलल् रहित्	चलल् रहित्
चलल् होखबऽ	चलल् होखबऽ	चलल होखो	चलल होखो
चलऽ	चलऽ	चलस्	चलो
देखले रहबऽ	देखले रहबऽ	देखले रहो	देखले रहो
देखले होखबऽ	देखले होखबऽ	देखले होखो	देखले होखो

भोजपुरी शब्द-संपदा

अ

अँइचल—खींचना

अँइचा-तानी—खींचतान

अँइजनि—इंजन

अँउरा—आँवला

अँउसि—वाञ्छित

अँकड़ल—अकड़ दिखाना, गर्व करना

अँकड़ा—कंकड़

अँकरा—१. अकटा; २. बिना साफ किया चावल; ३. पहले पहल ब्याने वाली गाय

अँकरी—१. रबी की एक घास जिसके फल से सत्तू बनता है।

अँकरे—२. बिना साफ किया चावल; २. गाय या भैंस जो पहली बार बच्चा दे

अँकवरिया—पतवार बाँधने की रस्सी

अँकस—आक्रोश

अँकुरियाइल—अंकुरित होना

अँकुरी—अंकुर

अँकुसी—अंकुश

अँकोर—घास की वह ढेरी जो मरे बच्चे की जगह गाय या भैंस के सामने रखी हो

अँकोरी—१. अंकुरा; २. संड़सी

अँखफोर—समझदार, जानकार

अँखमुदौवलनि—लुकाछिपी का खेल

अँखिकर—आँखवाला

अँखिगर—ओझा

अँखुआइल—अंकुर निकलना

अँगइठी—अंगीठी

अँगउछा, अँगउछी—तौलिया

अँगनई, अँगना, अँगनाई—आँगन

अँगरल—१. जलना; २. अतिशीत से दर्द करना

अंगरियाइल—अंगुली करना

अँगवना—सहना

अँगवल—सहन करना

अँगवा—अंग

अंगारि—आग की चिनगारी

अंगिया—चलनी

अँगियावल—अपनाना

अँगुराइल—१. अंगुली करना; २. बाध्य करना

अँगुरी—अंगुली

अँगुरियावल—बाध्य करना

अँगेजल—बर्दाश्त करना

अँगेया—आज्ञा

अँगोरा—१. अंगारा; २. रखवालों की मजदूरी

अँचरवा—१. आंचल; २. अचार

अँचर-घरौआ—अँचराधरौती, विवाह की एक रस्म
अँचवन—आचमन
अँचवल—आचमन करना
अँचार—अचार
अँचारी—आचार-विचार का ख्याल रखने वाला
अँजरा-पँजरा—अगल-बगल
अँजुरी }—अंजलि
अँजूरी }
अँजोर—प्रकाश
अँजोरिया—१. चाँदनी रात, शुक्लपक्ष; २. चाँदनी
अँटकर—अंदाज
अँटफल—फंसा हुआ
अँटल—अटना, समाना
अँटिया—गाँजा
अँटी—१. दुशाले की तरह की चादर; २. नटखट
अँठई—आठ पैर वाला एक छोटा कीड़ा
अंठानवे—९८, अट्ठानवे
अंठावनि—५८, अट्ठावन
अँठिआइल—फल में गुठली आ जाना
अँठिलाइल—इठलाना
अँठुली—गुठली
अँड़ई-नड़ई—छप्पर
अँड़तालिस—४८, अड़तालीस
अँड़सठ—६८, अड़सठ
अँड़सल—फंसना
अँड़हुल—जपा कुसुम
अँडाउआ—अंडी का पौधा।
अँड़िचल—इठलाना
अंतर-आतम—अन्तरात्मा
अँतरी—अंतड़ी
अंते—रिश्तेदारी
अंदेसा—चिन्ता
अँवटल—१. गर्म, उबला हुआ; २. औटाना, उबालना
अँवरा—आँवला
अँवरा भँवरा—भँवरा
अँवासल—वस्तु को प्रथम व्यवहार में लाना
अंस—अंश
अउठ—साढ़े तीन, ३½
अइँच, भँइचाह—जिसकी आँख छोटी हो
अइँठ—ऐंठन लगाने की विधि
अइँठन—ऐंठन
अइँठल—१. ऐंठा हुआ, अकड़ा; २. ऐंठना, अकड़ना
अइँठले—घमंड में चूर
अइक—एकता
अइगा—भोजन का निमन्त्रण
अइगुन—अवगुण
अइन—ठीक समय
अइनी—कानूनी
अइब—दुर्गुण
अइबी—दुर्गुणी
अइया—पति अथवा पिता की माँ
अइल—आया
अइले-गइले—आए-गए, आते-जाते

अइस, अइसने—ऐसा
अइसेन-अइसन—ऐसा ही ऐसा
अइसें—ऐसे
अउँघल—ऊंघना
अउँघाइल—सोया हुआ
अउँघी—नींद, ऊँघ
अउँचल बउँचल—भौचक्का
अउँजाइल—झंझट में पड़कर घबड़ाना
अउँजाह—घबड़ाने वाला
अउँजाहिन—घबड़ाने वाली स्त्री
अउँदाइल—१. नींद से जगाया हुआ;
२. जगाना
अँउधल—१. उलटाया हुआ;
२. उलटना
अउँधाइल—उलटा हुआ
अउँसाइल—गर्मी से परेशानी होना
अउअल—अव्वल, पहला
अउचक—अचानक
अउचल-बउचल—भौचक्का
अउनन-सउनन—धोबी का काम
अउर, अउरि—और
अउरी—और कहीं
अकचका—भौचक्का
अकचकाइल—आश्चर्यचकित होना
अकच-बकच—ऊल-जलूल
अकड़—सख्त
अकड़ा—(बैलों की) देह अकड़ जाना
अकड़ल—ऐंठना, तनना
अकनल—गौर से सुनना
अकबक—अनाप-शनाप
अकबकाइल—पागलों की तरह बोलना
अकरब—१. घोड़े का (दोष), सफेद रोयाँ; २. इस दोष वाला घोड़ा
अकर-बकर—व्यर्थ
अकरबी—दुष्ट
अकर—अकर्म
अकरास—बुरा, दुःखद
अकलंक—दोष
अकलंकी—दोषी
अकवन—मदार, एक पौधा
अकस—वैर
अकस गंगा—आकाश-गंगा
अकसर, अकसरुआ—अकेला
अकाजी, अकाजू—हर्ज वाला, नुकसान वाला
अकास—आकाश
अकासबंवरी—आकाश बेल
अकासबानी—आकाशवाणी
अकिलमन—अक्लमन्द
अकिला—बुद्धिमान
अकिलि, अकिल—अक्ल
अकीन—विश्वास
अकुतई—जल्दी
अकुताइल—जल्दी में
अकुला—व्याकुल
अकुलाइल—व्याकुल हो जाना
अकेल—अकेला
अकोल—एक जंगली पौधा
-अक्कड़—वाला, जैसे घुमक्कड़
अखउत—धुरे जैसी एक लकड़ी जिस पर धान कूटने को ढेंकी गिरती और उठती है

अखज—अदावत
अखड़—दृढ़ प्रतिज्ञा
अखड़तिजिया—अक्षयतृतीया
अखड़ल, अखरल—दुःख लग जाना
अखड़ा—अखाड़ा
अखड़िहा—अपने कार्य का बड़ा ज्ञाता
अखड़ेरे—व्यर्थ
अखतिजिया—अक्षयतृतीया
अखफुट्टा—टिड्डी की तरह का एक कीड़ा
अखरा—१. अनाज जो कूटा व बनाया न गया हो; २. सूखा
अखरे—बिना नून तेल के
अखिरी—आखिरी
अखुरा-पखुरा—अंग-प्रत्यंग
अखोर—कूड़ा-कचरा
अखोर-बखोर—जल्दी-जल्दी
अगड़-धत—अडिग
अगड़-बगड़—बे सिर पैर का
अगता—पहले आनेवाला
अगते—पहले
अगर अगरा—खुशी में आकर बनना
अगर बगर—अगल-बगल
अगराइल—इतराना; उल्लसित होना
अगरासन—गोग्रास
अगरोटा—ठेकुआ (रोटी)
अगवढ़—अग्रिम धन, पेशगी
अगवध—पतला अनाज जो ओसावन के समय निकलता है
अगवां—आगे
अगवार—हलवाहे को ओसावन के समय अनाज देना; २. हलवाहे द्वारा किसान का हल अपने खेत में चलाना
अगवारि—भूसा के साथ निकला हुआ अन्न
अगवाह—संक्षिप्त मार्ग
अगवाही—ताना
अगसर—अकेला
अगहनिया, अगहनी—अगहन में होने वाला धान
अगहनुआ—अगहन में होनेवाला उड़द
अगहर—१. आगे का; २. अगुआ
अगहरिया—सामूहिक गाने में नेतृत्व करनेवाला
अगहड़—एक प्रकार का सफेद फूल
अगात—आगे
अगारी—१. अगाड़ी; २. अगला सिरा
अगाह—अगाध
अगिआ—क्रोधी
अगिआइल—क्रोध में होना; थके होना
अगिआत—आग की तरह जलता शरीर
अगिआह—जलने वाला
अगिन - अग्नि, आग
अगिन हरेवा—हारिल पक्षी का भेद
अगिया—आग
अगियाइल—१. दाहयुक्त होना, जलना; २. क्रोध में होना
अगिया बैताल—खूब तेज काम करने वाला

अगियारी—१. धूपदानी; २. धूप देने की क्रिया
अगिला—आगे वाला
अगुआइल—बढ़ना, आगे निकल जाना
अगुआई—अन्य के कार्य में सर्वेसर्वा
अगुताइल—उकता जाना, ऊब जाना
अगुती, अगुवासा, अगुआरी—मकान का अग्र भाग
अगूढ़—कठिन
अगूरी—अंजुली
अगेया—आज्ञा
अगेल—पासंग
अगोरनी—रक्षक स्त्री
अगोरल—१. रखवाली करना, देखना; २. प्रतीक्षा करना
अगोरा—खेत के रक्षकों की मजदूरी
अगोराई—रखवाली, देख-भाल
अगोरिया—रक्षक
अग्या—१. आज्ञा; २. निमंत्रण
अघवाइल—मनोरथ पूरा करना
अघाइल—१. पेट भरा हुआ; २. पेट भरना
अघाव—संतुष्टि
अघो—आगे, सामने
अघोड़ी—१. अघोर पंथ को मानने वाला; २. गंदा मनुष्य
अचका, अचके, अचक्के—अकस्मात्, अचानक
अचमन—आचमन
अचारी—आचरण वाला
अच्छत—पूजा का चावल, अक्षत
अच्छरंग—दोष, कलंक
अछ—होना
अछइत—परिपूर्ण
अछक—बहुत
अछयवर—अक्षयवट
अछरंग—कलंक
अछराग—अपराध
अछोधाम—बिलख-बिलख कर, फूट फूट कर
अजगुंज—पेट में गज-गज होना
अजगुत—१. अचम्भा; २. अजीब
अजबे—अनोखा
अजमाइल—परीक्षा करना
अजमावल—आजमाना
अजर—मजबूत, पक्का
अजवारल--किसी बर्तन को खाली करना
अजसी--अपयशी, बदनाम
अजाँची--सम्पन्न
अजिआउर--सास का नैहर
अजिआ सासु--सास की सास
अजीरन--ज्यादा
अजुए—आज ही
अजुगिए--अद्भुत
अजुबा--अनोखा
अजू--आज
अझुरा--झगड़ा
अझुराइल—फंसा हुआ
अझुरावल--उलझाना
अटंड—संतुष्ट
अटकर--अनुमान

अटपट—बेमतलब, बिना ओर छोर के
अटपटाए—गड़बड़, बेसिर पैर का
अट्टपट्ट—बुरा भला
अट्ठाइस—अट्ठाईस
अठई—१/८
अठएँ—आठवें
अठरहवो—अठारहवां
अठवांसा—आठ माह में उत्पन्न होने वाला
अठवो—आठवाँ
अठहत्तर, -रि—७८
अठाई, अंट्ठा—आठगुना
अठाक—१. रूठा हुआ; २. न ठानने योग्य काम
अठारहोत्तर सो—एक सौ अठारह
अठारे—१८, अठारह
अठिमी—अष्टमी
अठिली—गुठली
अठोत्तर सो—१०८
अठौनी-पठौनी—रिश्तेदारी में सामान आना व लाना
अड़कावल—टिकाना, ठहराना
अड़तालिस—४८
अड़तिस—३८
अड़बंग—टेढ़ा, बेढंगा
अड़ब—रुकोगे
अड़बी-तड़बी—गर्व भरे शब्दों में डांट फटकार
अड़भंगी—विचित्र, बेढंगा
अड़ल—१. रुकना; २. रुका
अडवा—अडडा
अड़बुवल—अड़का, जिद्द
अड़ान—पड़ाव, रुकने का स्थान
अड़ार—नदी का कगार
अढ़इया—ढाई
अढ़तिया—आढ़त करने वाला
अढ़रल—लुढ़कना
अढ़िया—काठ का बर्तन
अतना—इतना
अतने—इतना ही
अतर—इत्र
अतर गुललवा—इत्र गुलाल
अतरदानी—इत्र का पात्र
अतरस—वस्त्र विशेष
अतरा—बीच में पड़ जाना
अतरिया—एक दिन के अन्तर पर आने वाला ज्वर
अतवरिया—रविवार का
अतसबाजी—आतिशबाजी
अतहत, अतुना, अतेक—इतना
अतहर—इतना बड़ा
अतिने—इतने
अतिबार—विश्वास
अत्थान—स्थान
अथीयल—अथीयना
अदंक—भयभीत
अदउ—रोगी
अददहा—मामूली चोट वाला
अददिआह, अददी—चोटवाला
अदबदाइल—बुरी बात कहना

अदरा—आर्द्रा नक्षत्र
अदराइल—इतराना
अदरावन—आदर, दुलार, मनावन
अदलतिया—अदालत का
अदवाइन—खाँचे में लपेटी हुई रस्सी
अदहन—१. चावल, दाल पकाने हेतु रखा गया पानी; २. खौलता पानी
अदिमी—आदमी
अदौरी—१. बरी; २. धूप में सुखाई गई तरकारी
अद्रा—आर्द्रा नक्षत्र
अधढंकी—आधी ढकी हुई रोशनी
अधफुलइल—अधखिला
अधबहियाँ—आधे बाँह का कुरता
अधबुढ़—अधेड़
अधभरी—खोखला अनाज
अधमई—नीचता
अधमन्ना—आधा मरा हुआ
अधमरू—मृतप्राय
अधरवा—आधार
अधवन—आधा
अधवा—१. आधा; २. १४ ढोली पान
अधही—आधा
अधातम—उपाय, उद्योग
अधार—आधार
अधि अधि—आधी आधी
अधिआ—बटाई
अधिआउर—आधे का हिस्सेदार
अधिआरा—आधा करना
अधिकई—ज्यादती
अधिका—१. आवारा; २. घर का अधिक होना
अधियावल—आधा निकालना
अधिरजी—अधैर्यवान्
अधेड़ी—अधकपारी
अधोखल—मरणासन्न
अनइस—उन्नीस
अनंत—बाँह का एक गहना
अनई—अनजान, दूसरे कोई
अनकर, अनका—दूसरे का
अनकूत—जो कूता न जा सके
अनखाती—संतोषी
अनखुन—[illegible]रण
अनगँइया—दूसरे गाँव का
अनगँव—हानि, नुकसान
अनगावल—न गाया हुआ
अनगुताह—भोर
अनगुते—सवेरे
अनघ, अनघा—अत्यधिक
अनचिह्न—जो पहिचान का न हो
अनजहा—अनाज वाला (स्त्री० अनजही)
अनजाद—अन्दाज
अनट—उत्पात
अनतर धेयान—अन्तर्धान
अनतवा—अनन्त
अनद, अनध—आनन्द
अनद बधाव—आनन्द बधाई
अनदेख—ईर्ष्या
अनदेखना—ईर्ष्यालु

अनदेखल—ईर्ष्या करना
अन-धन-सोनवा—सभी प्रकार का सुख
अनन्न—आनन्दित होना, आनन्द
अनबुझ--बिना समझ का
अनबोल--बेहोश; मूक
अनभल--बुराई
अनभो--अनुभव
अनमाना--तबियत खराब होना
अनमुन्हाहे--भोर में ही, प्रातःकाल
अनयावल--ले आना
अनयासे—अकस्मात्
अनरकम—व्यर्थ का
अनराज—नाराज़
अनसाइल--नाराज़ होना
अनसुन--शून्य
अनसुनल—अनसुना
अनहक—अधिकार-रहित, बेकार
अनहड़--भोर की आँधी
अनहद--बहुत अधिक, खूब
अनाहत--बेकार में
अनिच्छे—बिना इच्छा का
अनियाउ—अन्याय
अनियावल--जान-बूझकर शरारत करना
अनुमुनाह—सवेरे
अनेयायी---अन्यायी
अनेर, अनेरे--व्यर्थ; बिना वजह का
अनेसा—अन्देसा
अन्ह--ओझल
अन्हउटी--बैल की आँख का ढक्कन
अन्हपट--अंधी पट्टी
अन्हरचटकी--एक प्रकार का खेल
अन्हरा--अंधा
अन्हराघोड़--घोड़ा जिसकी आँख में पट्टी बन्धी हो
अन्हरी--अंधी लड़की या स्त्री
अन्हवटल--आँखों पर अन्हउटी बाँधना
अन्हार--अंधकार
अन्हियारी—अंधेरी
अन्हुआइल--अन्धा होना
अन्हेरि—उपद्रव
अन्हेरिहा--बेकार
अपनाइल, अपनाव—अपनाना
अपनो—अपना भी
अपरस--कोढ़
अपरूप—बहुत सुन्दर, अद्भुत
अपसर--अफसर
अपसोस—अफसोस
अप्रील—अप्रैल
अपुस--आपस में
अफतरा, अफदरा—आपत्ति, आफ़त
अबकारी--आबकारी
अबगा--अलग
अबगे—अलग
अबटन—उबटन
अबर, अबरा--निर्बल
अबरी—अब की बार
अबरे, अब्बर—दुर्बल, कमजोर
अबले--अब तक
अबस—विवश

अब्बहिन,-हिने,-हिए—अभी, बिल्कुल अभी
अब्बहिने—अभी तक
अबहियों—अब तक भी
अबादी—आबादी
अबाहि तबाहि—अंड-बंड
अबे, अब्बे—अभी
अबेरि—देर
अबेरि-सबेरि—देर करके भी
अबो, अब्बों—अब भी
अभाउ—अभाव
अमचुर—अमचूर
अमत—खट्टा
अमनख—क्रोध
अमनियाँ—पवित्र, स्वच्छ
अमरख—एक पेड़ का नाम, एक फल
अमरस—आम का रस
अमरीत—अमृत
अमरुत, अमरूध—अमरूद
अमवां—आम
अमाइल—घुसना
अमारी—अटारी
अमिनई—अमीन का पेशा
अमिया—कच्चा आम, टिकोरा
अमियारी—आमों की बाड़ी
अमिरऊ—अमीर जैसा
अमिरती—इमरती
अमिरपन—अमीरपन, अमीरी
अमिरित—अमृत
अमेड़ी—कनपटी की सूजन
अमोला—छोटा पौधा
अम्मर—अमर
अम्मल—अवधि
अम्हउरी—अन्धौरी
अयना—शीशा
अयपन—पिसे चावल और हल्दी का घोल
अयपय—दोष
अयरन—एक गहना
अरकस-बथुआ—विभिन्न प्रकार की चीजें
अरकसिया—आरा चलाने वाला
अरगनी—कपड़े सुखाने की जगह
अरजल—कमाना, जमा करना
अरजो मिनती—प्रार्थना
अरतालिस—४८
अरतिस, अड़तिस—३८
अरते-बिरते—कभी-कभी
अरदोआय—भाग्य का समय, आयु
अरधेल—दोगला
अरपल—अर्पण करना
अरबी-तरबी—इधर-उधर की बातें
अरमूध—अमरूद
अरराइल—१. गर्जन के साथ टूटना; २. गिरने पर ध्वनि उत्पन्न करना
अरवा—बिना उबाले हुए जो चावल बनाया गया हो
अरसठि—६८
अरसल-परसल—गले लगाना
अरार—किनारा
अरियाइल—जिद्द करना

अरियात-करियात—टाल-मटोल करते
अरुअइल—१. स्वाद खराब होना; २. लसलसेदार
अरुआ—खंडा, एक तरकारी
अरुई—घुइयाँ, अरवी
अरुझल—उलझना
अरे-तरे कहल—गाली देना, अपमान करना
अरोस-परोस—पड़ोस
अरोआ—बांस की हुक/फंसान
अर्रा—रोटी निकालने के लिए लोहे की छड़
अलंग—अंग
अलगरज—लापरवाह
अलगा—१. अलग; २. आँचल
अलगा बिलगा—लोगों के अलग होने की क्रिया
अलगावल—उठाना
अलचार—लाचार
अलफी—सुकुमार
अलम, अलम्म—अवलम्ब, सहारा
अलमधके—आश्रित होकर
अलल—कोमल
अललाइल—गला फाड़कर चिल्लाना
अलवांती—प्रसूता
अलसाई—सुस्त, आलस्ययुक्त
अलसेठ—देर
अलहदी—आलसी
अलाए बलाए—व्यर्थ के लोग
अलाचारी—लाचारी, बेबसी
अलायल—सुर उठाना
अलाव—अलावा
अलियावन—जो उपला बनाने में मिलाया जाय
अलिवांस—कपड़ा, पहिनावा
अलुवा—आलू
अलोत—छिपकर, परदे में
अलोने—बिना नमक का
अलोप—नष्ट हो जाना
अल्हरे—अल्हड़
अवगाह—अगाध
अवगुनिया—अवगुणी
अवघट—कुमार्ग, बीहड़ मार्ग
अवचक—अचानक
अवदर—शीघ्रता से दान देने वाला
अवनिया—चरवाहा
अवरी, अवरू—और, और भी, ज्यादा
अवरोह—उतराव
अवला—आँवला
अवस, अवसिक—अवश्य
अवांट-बवांट—व्यर्थ
अवांसल—आरम्भ करना
अवाइ-जवाई—आना जाना
अवाज—आवाज
अवाह—गहरा
अवेज—बदला
अवेजी—बदले में
असंघा-पसंघा—पसंघा, पासंग
अस—ऐसा
असकत—आलस
असकतिआह, असकती—आलसी
असकतिआइल—आलस्य करना

असगुनिया—अपशकुन वाला, मनहूस
अस-तस—ऐसी-तैसी
असथोर—स्थिर
असनी—अश्विनी नक्षत्र
असराफ—जौहरी
असरेसा—आश्लेषा नक्षत्र
असलेआँ—इतना
असलेसा—आश्लेषा नक्षत्र
असलोक—श्लोक
असवार—सवार
असवारी—सवारी
असहन—अनिष्ट बैल
असहीं—ऐसे ही
असाका—अशक्य
असान—आसान
असामिन—प्रजागण, आसामी स्त्री
असाढ़—आषाढ़
असिरबाद—आशीष, आशीर्वाद
असी—८०
असीसल—आशीर्वाद देना
असीसिया—आशीर्वाद
असुधवा—अशुद्ध होने से
असुलाइल—वसूल करना
असूल-तसील—वसूली तहसीली
असूली—लगान
असों—इस साल, चालू वर्ष
अस्सेरा—आधे सेर का बाट
अहक—१. अहक अहक करने वाला; २. लालसा
अहकल—अहक अहक कर रोना
अहकाइल—रुलाना
अहटमी—अष्टमी
अहड़ी—चरही
अहतर—अस्तर
अहथान—स्थान
अहथिर, अहथीर—स्थिर, निश्चित
अहरल—काटकर सीधा करना
अहरा—१. उपलों के ढेर पर भोजन बनाना; २. सिंचाई के लिए तालाब
अहिवात—सधवापन
अहिवाती—सधवा
अहिर—ग्वाला
अहिरई—अहीरों का सा व्यवहार
अहिरा—अहीर
अहिरांव—अहीर-बस्ती
अहिरिन—ग्वाले की स्त्री
अहुँड़—उपद्रव
अहेरन—निहाई

अंक, अंकुर, अँखुआ, अंग, अंगड़ाई, अंगरखा, अँगरेज, अँगरेजिन, अँगरेजी, अंगार, अंगारा, अंगिया (चोली) अंगोठी, अँगूठी, अंगूर, अंगोछा, अंजन, अंजर-पंजर, अंजाम, अटसंट, अडबंड, अंत, अतड़ी, अंतरजामी (अंतर्यामी), अंतिम, अंदर, अंदरसा, अंदाज, अंदाजन, अंधड़, अंधार; क्ष-छ अंतरिच्छ (अंतरिक्ष), अंताच्छरी (अंत्याक्षरी) सं० अव = खड़ी वोली औ = भोजपुरी अउ—अउंधा (औंधा), अउगुन (अवगुण), अउघड़ (औघड़) अउतार (अवतार),

अउधि (अवधि), अउर (और), अउरत (औरत), अउसर (अवसर), अकटक, अकड़, अकड़बाज, अकड़बाजी, अकसर (प्रायः), अकाज (हर्ज), अकारथ (व्यर्थ), अकाल, अकुलाइट, अक्स, अख्तियार, अखबार, अखाड़ा, अखीर, अगनित, अगर, अगल-बगल, अगवानी,

अगहन, अगाड़, अगाड़ी, अगवानी, अगुआ, अगुआनी, अघोरी, अचंभा, अचकन, अचरज, अचारज, अचूक, अचेत, अचेतन,

अच्छा, अच्छे, अजगर, अजब, अजवाइन, अजस, अजाइबघर, अजान, अजीब, अटकल, अटपट, अटारी, अट्ठाइस, अठखेली, अठानबे, अठपहरा, अठवारा

अड़ंगा, अड़ियल, अड़ोस-पड़ोस, अढ़ाई, अततार्ई, अतिसार, अथक, अथाह, अदद, अदना, अदब, अदरख, अदले-बदले, अदालत, अदालती ब्याह, अदवान/अदवाइन, अदावत, अद्धा, अद्धो, अधकचरा, अधकपारी, अधपई,

अधसेरा, अधिआतम, अधिमास, अधिकार, अधीन, अधीर, अधेला, अनंत, अनगढ़, अनगिनती, अनजान, अनपच, अनपढ़, अन-बन, अनभल, अनमोल, अनहद नाद, अनहोनी, अनाज, अनाथ, अनादर, अनार, अनिष्ट, अनी, अनुमान, अनुष्ठान, अनेक, अन्न, अपंग, अपच, अपढ़, अपने, अपमान, अपरंपार, अपराध, अपार, अपाहिज, अपील, अफरा, अफलातून, अफवाह, अफीम, अफीमची,

अरे, अलकतरा, अलग, अलबम, अलबेला, अलमस्त, अलमारी, अलवान, अलसाई, अलसी, अलाप, अवगुन, अवतार, अवतारी,

अवसर, असतबल, असपताल, असबाब, असमंजस, असर, असल, असलियत, असली, असाढ़, असाढ़ी, असाधु, असामी, असीम

अस्तुति, अस्थान, अहमक, अहह, अहिंसा, अहित, अहीर, अहेर, अहेरी ।

आ

आंक—संख्या

आंकर पाथर—कंकड़ पत्थर

आंकुस—अंकुश

आंखि—१. आंख, दृष्टि; २. अंखुआ

आंखिगर—आंख वाला

आगछ—भाग्य

आंगा—नेता, अगुआ

आंचम—आचमन

आंचर—आंचल

आंचि—आंच

आंजन—आँख का अंजन
आंजुरि—अजुली
आंट—१ दुश्मनी; २. अन्दाज;
३. बोझ; ४. पोला
आंटल—बराबरी करना; २. समाना, घुसना
आंटा —बंडल या बोझ
आंटा —पिसा हुआ गेहूं का चूर्ण
आंठि—फल की गुठली
आंठी—१. हड्डी; २. गुठली
आंड़ या आंड़ी—१. अण्डकोष; २. डंक
आंतर—१. अतराल; २. बीच की छूटी जमीन
आंतरि—खेत का जो भाग जोता जाय
आंति—आंत
आंथांहां—अगाध, अथाह
आंस, आंसू—आंसू
आइल—आना
आइल-गइल—आना जाना
आई—आयु
आउडर पाउडर—पाउडर आदि
आउर—थोड़ा और
आक थू—घृणित वस्तु को देखकर अपमान प्रकट करना
आकरसन—आकर्षण
आकास—आसमान
आकी-बाकी—बचा-खुचा
आके—आकर
आखड़ा —जो वस्तु मुलायम न हो
आखड़ा —अखाड़ा
आखत—विवाह के समय नाई या कहार को दिया गया अन्न
आखिया—आँख
आ गइल—आ गया
आगम—भविष्य
आगर—घर
आगाँ—आगे
आगा—१. नेता; २. आगे
आगा के—भविष्य की
आगाह—जानकार, वाकिफ
आगि—आग
आगिल—अग्रिम, अगला
आगी—अग्नि
आगू—आगे
आगे रखल—सामने रखना
आगे से—अबसे
आछा, आछे—अच्छा
आछातावा—अक्षत
आछोधार—बिलखकर
आजमावल—किसी की शक्ति की थाह लेना
आजा—बाबा, दादा
आजा—आ जाए
आजादी—स्वतंत्रता
आजि—आज
आज़िज—परीशान
आजी—आजी, दादी
आजु—आज
आजुओ—आज भी
आजु-कालिह—आजकल
आजू—आज

आटक—आड़, रुकावट
आठे—आठगुना
आड़ अलोल—परदा देना, परदा करना
आड़ल—रोकना
आड़ा-अलोता—परदा वगैरह
आड़ाव—अड़ाना
आड़े—परदे में छिपकर
आढ़ति—आढ़त
आताना—दुष्ट
आदरा—आर्द्रा नक्षत्र
आदी—अदरख
आदीचक—एक तरकारी
आधि रतिया—अर्द्ध रात्रि
आन—१. दूसरा; २. छेद
आनन्दी—सुख
आन बेरा—दूसरे समय
आनमाना—मनका बहलाना
आनल—ले आना
आन्हर—अन्धा
आन्हरा—अन्धा
आन्हाधून्ह—अंधाधुंध
आन्ही—आंधी
आपन—अपना
आपस—१. मित्र; २. वापिस
आपसि—१. आपस; २. आफिस
आपु—आप
आपुस—आपस (अपने में)
आफति—आपत्ति
आफिनु—पुनः आना
आबरूह—इज्जत
आभी-गाभी—व्यंग्य
आमला—सरकारी कर्मचारी, अमला
आमा—१. हल्दी की एक किस्म; २. माता
आमिल—आम की खटाई
आमृत—अमृत
आर—नदी का किनारा
आरजू—अर्ज, विनती
आरदास—प्रार्थना, आरजू
आरबल—आयु
आरागज—बैलगाड़ी में लम्बी लकड़ी
आरार—नदी के किनारे की मिट्टी की चट्टान
आरारवा—किनारा
आराराइल—दौड़ना
आराराल—गिरना
आरी—१. किनारी; २. आरी
आरी-आरी—किनारे-किनारे, मेंड़
आलम—भीड़
आलर—बड़ा
आलागा—अलग
आला—डाक्टरों का यंत्र
आला-बाला, आले बाले—अलाय बलाय, दुर्भाग्य
आलिस—योग्य
आलू-बुखारा—एक फल विशेष
आल्हर—कुसमय
आव—आओ
आवग—सामने
आवल—आना
आवसु—आवें

आवा जाही—आना-जाना
आवे जावे—बार बार आना जाना
आवेला—आना-जाना
आस, आसा—आशा
आसकते, आसकत—आलस्य
आसन—आसन
  आसन जमल—आसन जमाना;
  आसन डिगल—आसन डोलना;
  आसन दिहल—आसन देना
आसावती—गर्भवती
आस्ते-आस्ते—धीरे-धीरे
आस्थान—१. मठ; २. रहने का स्थान
आस्लेसा—आश्लेषा नक्षत्र
आहि—आह, दर्दभरी पुकार
आहियाल—आश्चर्य से आह भरना
आहे—है

आँगन, आखिर, आखिरी, आगा पीछा, आगे, आजादी, आजिज, आटा, आठ, आड़, आड़ा, आड़ू, आतसक, आतुर, आदिमी, आधा, आनन-फानन, आन-बान, आप, आपस में, आब, आबताब, आबनूस, आबाद, आबादी, आविस्कार, आम, आमद, आमदनी, आमद रफत, आमने-सामने, आरती, आर-पार

आरसी, आरा, आराकस, आराकसी, आराम, आरारोट, आरी, आरोह, आलस, आलसी, आला, आलू, आलू बुखारा, आल्हा, आवभगत, आवर्त, आवाँ, आवाज, आवारा,

आस, आसन, आसनी, आसमानी, आसरम, आसरा, आसान, आसानी, आसिक, आह, आहट, आहा।

इ

इँकटा—कंकड़
इँकटी—कंकड़ी
इंगुर—लाल विन्दी
इंगोर—अंगार
इआदि—याद
इकचुटिया—वालों की एक चोटी
इकबाल—स्वीकार, स्वीकृति
इकल—अक्ल
इकालत—वकालत
इकैसी—इक्कीस का एक बोझा
इगारे—११
इचको—रंचमात्र
इजतिया—इज्जत
इजहार—बयान (कचहरी में)
इजाजति—आज्ञा
इजाफा—दोष
इज्जति—इज्जत
इतते—इधर से

इतिबार—विश्वास
इतिराइल—घमण्ड करना
इतिराज—एतराज
इथुआ—क्या कहते हैं उसे
इदिमी—आदमी
इनकार—अस्वीकार
इनकेलाप-जिन्नाबाद—इन्कलाब-जिंदा-
 बाद
इनतिहान—इम्तिहान, परीक्षा
इनर—इन्द्र
इनरजाल—भ्रम, इन्द्रजाल
इनरदली—एक प्रकार का गहना
इनरपुरी—इन्द्रपुरी
इनरवा—कुंआ
इनरी—इन्द्रिय
इनले गिनले—विरले, इने-गिने
इनार, इनारा—कुँआ
इनिच—इंच
इनीकर, इन्हिकर—इनका
इन्हन—इनको
इन्हर—इन्द्र

इमारति—इमारत
इमिरिया—व्यर्थ
इयाम—मौसम
इयार—मित्र, यार
इरखहा—अपमान से क्रोधवान्
इरखा—१. ईर्ष्या; २. क्रोध
इल्ला—मुंह पर उभरने वाला मसा
इसटीसन—स्टेशन
इसर, इसवर—ईश्वर
इसरज—ऐश्वर्य
इसराज—एक प्रकार का वाद्ययंत्र
इस्प्रेस—एक्सप्रेस
इहँऊँ—यहीं
इहँवें—यहाँ से ही
इहई—यही
इहा—यह
इहितिरी—स्त्री
इहू—यह भी
इहें—यही
इहेतऽ—यही तो
इहो—यह भी

इंच, इंजन, इंजिनियर, इंदरा (इंद्र), इंदरी, इकटक, इकबाल, इच्छा, इजराफ, इजलास, इज्जतदार, इतर, इतला, इतवार, इतिहास, इत्रदानो, इनकार, इनतिजाम, इनतिजार, इनसान, इनसानियत, इनमाफ, इनाम,

इफरातिं, इमनिहान, इमदाद, इमला, इमान-धर्म, इमिरती, इमिली, इरादा, इन्तजाम, इलाका, इलाची, इलाज, इल्तात, इसाई, इसारा, इस्कूल, इस्टाम, इस्तगासा, इस्तमाल, इश्तिहार, इस्त्री, इस्तीफा, इस्पात, इस्सान ।

ई

ई—यह
ईंगुरवा—सिन्दूर
ईंगुरी—ईंगुर के रंगवाला
ईंटा, ईंटि—ईंट

ईकड़ी—कंकड़ी
ईकरे—इसके
ईजत—इज्जत
ईतर—इत्र
ईदि—ईद
ईनरा—कुँआ
ईमनदार—ईमानदार
ईया—बाबा की स्त्री, दादी
ईरखा—अपमान सहित क्रोध
ईसर—ईश्वर
ईसान—ईशान (उत्तर-पूर्व) की हवा
ईहन—यह है न
ईहें—यही
ईहे, ईहों—यही, यह भी

ईमान ।

उ

उँखिया—ईख, ऊख
उँगुरी—उँगली
उँघाई—उँघास
उँच—ऊँचा, श्रेष्ठ
उँचइया—ऊँचाई
उँचाइल—ऊँचा करना
उँचास—ऊँचा
उँचाह—उच्च
उँट—ऊँट
उँटहा—ऊँटवाला
उँड़िस—खटमल
उँढ़नी—भगाई हुई स्त्री
-उआ—जैसे टहलुआ
उआरा निवारा—निर्णय
उकटेरल—खोदना
उकठल—सूखा (पेड़)
उकसावल—उकसाना
उकाई—उबकाई
उकितिया—उपाय
उखम—गर्मी
उखरल—१. उखड़ना; २. नमी कम होना
उखरा—फसल का सूखा रोग
उखरी—उखली
उखारल—उखाड़ना
उखारी, उखांव—ऊख के लिए छोड़ा गया खेत
उगलल—१. बढ़ना; २. उगलना
उगाहल—बटोरना, इकट्ठा करना
उगिलल—उगलना
उघटल—प्रकाशित करना, खोलना
उघटान—अपमानपूर्ण बात कहना
उघठा-पुरान—शिकायत
उघरल—खुल जाना
उघाठल—उखाड़ना
उघार—बिना वस्त्र के, नंगे
उघारल—खोलना
उघारे बिघारे—बिना वस्त्र का, नंगा

उचकन—पीढ़ा, पाटा
उचकल—कूदना
उचकुन—ऊँचा करने हेतु सहारा
उचटल—उच्चाट हो जाना
उचरल—चले जाना
उचाका—उठाईगीर, बदमाश
उचाट—उदासी
उचार—१. उच्चार; २. उड़ान
उचारल—१. उच्चारण करना; २. कौवा उड़ाना
उचिते—उचित
उछक—उछल-कूद
उछड़ल—कूदना
उछरल—उछलना
उछलल—उछलना
उछालल—उछालना
उछाह—आनन्द
उछाहली—प्रसन्नता
उजबक—मूर्ख
उजबास—उजाड़
उजबुकारिए—मूर्ख ही
उजबुजायल—थक जाना
उजर—उजला, श्वेत
उजरल—उजड़ना
उजरा—१. उजड़ा; २. उजला
उजलत—१. जल्दी; २. परेशानी
उज्जर—सफेद
उजार—उजाड़, उजाड़ वाटिका
उजारल—उजाड़ना
उजास—उजाला, प्रकाश-रेखा
उजियार—उजाला
उजुर—१. आपत्ति; २. परेशानी
उजुरयाद—परेशानी
उजेला—प्रभात
उझकल—लुढ़कना
उझिलल—उलचना, ढालना, उँड़ेलना, गिराना
उझुक—ठोकर लगने पर गिरते-गिरते बचना
उझुकल—१. लड़खड़ाना; २. तिलमिलाना
उटक नाटक—साधारण काम
उठग—नीचे लेट जाना
उठल्लू—अविश्वसनीय
उठान—अभिवृद्धि
उठावल—उठाना
उड़उआ—उड़ान
उड़चन—पैताने की रस्सियाँ
उड़ल—उड़ना
उड़सल—नष्ट होना, खत्म होना
उड़सलि—बिस्तर हटा हुआ
उड़हरि—स्त्री जो पति के घर से भागे
उड़ाइल, उड़ावल—उड़ाना
उड़ाई—भगा ले जाना
उड़िया—टोकरा
उड़िस खटमल
उढ़नी—ओढ़नी
उढ़री—भगाई हुई स्त्री
उढ़ारल—पर स्त्री को भगाना
उढ़ुक—ठोकर, चोट
उढ़ुकल—१. लुढ़कना; २. चोट खाना

उढ़कोला—लुढ़क जाना, ठोकर लग जाने से
उतजोग—उद्योग
उतपतिया—उतपात करने वाला
उतरंगा—चौखट की ऊपरी लकड़ी
उतरल—१. उतरना; २. खराब होना
उतरहा—उत्तर का रहने वाला
उतरही—उत्तर की हवा
उतराव—उतराई
उतरैया—उत्तर की हवा
उतान—सीना निकालकर चलना
उतारल—नकल करना
उताराई—खेवा की उतराई
उतारू—क्रोधी
उतिरिन—उऋण
उतरा—उत्तर की हवा
उतिम—उत्तम
उथल—उथला
उदंत—जिस पशु के दाँत न निकला हो
उदबेगल—१. उकसाना; २. बाध्य करना
उदसल—उदास होना
उदहल—उदहना, हाथ से पानी निकालना
उदासल—चिन्तन करना
उदिया—सूर्योदय वाली तिथि
उदिया-गुदिया—इधर-उधर के, ऐरे-गैरे
उदेस—१. उपदेश; २. इशारा; ३. उद्देश्य
उद्दम—१. व्यापार; २. परिश्रम
उद्दमी—१. व्यापारी; २. परिश्रमी
उधम—शरारत
उधरहा—उधार लेने वाला
उधारन—१. उदाहरण; २. उद्धार करने वाला
उधारल—उद्धार करना
उधिआइल—उड़ जाना
उधुकल—उबकना
उधेड़ल—उधेड़ना
उनइल—झुकना
उनकर, उनकरा, उनकेरे—उनका
उनतालिस—३९
उनति—उन्नति
उनुनाइल—सिसक कर रोना
उन्हन—उन लोगों का
उन्हुकर—उनका
उपजल—उपजना
उपजावल—उपजाना
उपटल—१. पैदा होना; २. टूटना
उपड़ल-चुपड़ल—श्रृंगार करना
उपद्दर—उपद्रव
उपर—ऊपर, ऊँचाई पर
उपरकच—जहाँ अंधेरा हो
उपरल—उखड़ना
उपरवार—ऊपर की जमीन
उपरा—ऊपर
उपराजल—कमाना, पैदा करना
उपरोहित—पुरोहित
उपसहा—जो खाया न हो
उपाइन्ह—किसी उपाय से
उपाई—उपाय

उपारल—उखाड़ना
उपास—उपवास
उपासल—१. उपवास करना;
२. उपवास किया हुआ
उफनल—बहसना
उबठन—बर्तन में बंधी रस्सी
उबड़-खाबड़—ऊबड़-खाबड़
उबरन—शेष बचना
उबहनि—रस्सी
उबहल—बहना
उबात—उबकाई
उबारल—उबारना
उबीठल—ऊबना, घबराना
उबियाइल—ऊबना
उभरल—१. ऊपर उठना; २. खुलना
उभुकी—डूबती हुई
उमकल—जोश में आना
उमगल—उठना, निकलना, विकसित होना
उमजल—युवावस्था में आना
उमजाम—इन्तजाम
उमड़ल—उमड़ना
उमाचा—जोर
उमिर, उमिरिया, उमुर—आयु
उमेद—उम्मीद
उरठ—कड़वा
उराहल—बनाना
उरिद, उरदी—उड़द
उरिझल—उलझना
उरुआ—उल्लू
उरुइ—उई!
उरेहल—चित्र खीचना
उलइब—किसी को मारने के लिए पूर्व कथन
उलजलूल—बेसिर-पैर का
उलटल—उलटना
उलटवाह—उलटा काम करने वाला
उलटाइल—उलटा होना
उलांक—एक बड़ी नाव
उलाही—उभड़ा हुआ
उलिटा—उलटा
उलीचल—उलीचना
उलुटा—विलोम, उलटा
उलुदिया—१. काठ की तश्तरी;
२. ढक्कन
उल्या—उलटा
उवादा—वादा
उसकइल—उत्तेजित होना
उसकावल—उत्तेजित करना
उसर—रेहयुक्त खेत
उसरहा—ऊसर वाला
उसरही—ऊसर वाली जमीन, बाँझ स्त्री
उसा—ऊपा
उसाहल—अनाज और भूसे को अलग करना
उसिनल—उबाला हुआ
उसिना—उबाले धान का चावल
उसीनल—उबालना
उसुकाइल—१. उकसाना; २. बत्ती उठाना

उसुकावल—दीपक की बत्ती का उकसाना
उहां—वहां
उहार—कपड़े का खोल
उहियायल—पता लगाना
उहे—उसी को
उहो—वह भी

उगालदान, उछल-कूद, उछाल, उजड्ड, उजागर, उजाला, उजुरदारी, उज्ज्वल, उट-पटांग, उड़ंत, उड़द, उड़न-खटोला, उड़नबाज, उड़ाऊ, उड़ाक, उड़ान, उतराई, उत्तर, उत्पत्ति, उत्पात, उत्सव, उत्साह, उतार, उतार-चढ़ाव, उथला, उदर, उदास, उदाहरन, उद्गार, उधार, उधेरबुन, उन्नावी, उनमाद, उपकरन, उपकार, उपचार, उपज, उपजाऊ, उपद्रव, उपदेस, उपनिआस, उपला, उपहार, उफान, उबटन, उबार, उमंग, उमदा, उमर, उमराव, उमस, उमेद, उमीद, उमेदवार, उरदू, उलटबांसी, उलटा-पुलटी, उलार, उलास, उस्तरा, उस्ताद ।

ऊ

ऊँच—ऊँचा
ऊँच-खाल—ऊँचा-नीचा
ऊँटि—ऊँट
ऊँहूँ—नहीं
ऊ—वह
ऊकबिक—परेशान
ऊखब—गर्म
ऊखि—गन्ना
ऊगल—उगना, उदय होना
ऊजर, ऊजिर—उज्ज्वल
ऊठल—१. उठना; २. हवा चलना; ३. तैयार होना; ४. गर्भधारण करने की इच्छा करना
ऊतम—उत्तम
ऊतर—उत्तर
ऊतरल—उतरना
ऊद—ऊदबिलाव
ऊदम—उद्यम
ऊनि—ऊन
ऊनियन-फूनियन—संगठन वगैरह
ऊपरौर—और ज्यादा भी
ऊपाई—उपाय
ऊबल—ऊबना
ऊमिरि—उम्र
ऊमी—गेहूं की कच्ची बाल का आग में भुना चबेना
ऊरिद—उड़द
ऊरुआ—उल्लू
ऊहे—वही
ऊहो—वह भी

ऊधम, ऊनी, ऊभड़खाभड़, ऊसर ।

एंड़वा—जूते का पिछला भाग
एंड़ियावल – पैर की पिडली से मारना।
एंड़ी—पैर का पिछला भाग, एड़ी
एंतेक—इतना
एइसन, एइसना—ऐसा
एइसन-तेइसन—ऐसा-वैसा, मामूली
एईजऽ—यहाँ
एकइसासो—१२१
एकठो—एक
एकन्ने—एक गुना
एकतालसो—१४१
एकतीसासो—१३१
एकनी—इन सब
एकपट्टा—पगड़ी विशेष
एकपाटा—पगड़ी
एकबन—पौधा विशेष
एकबाह—एकान्त
एकमटीकस—आयकर
एकमति—मतैक्य
एकर, एकरा—इसका
एकरंगा—१. लाल रंग का कपड़ा;
२. एक ही रंग का
एकरार—इकरार
एकलउता, एकला—इकलौता, अकेला
एकलगले—बिलकुल, एकदम
एकली—अकेली
एकवट—एक मत
एकसाठ—६१
एकसट्ठासो—१६१
एकसर—अकेला

ए

एकसरि—अकेली
एकहत्तरि—इकहत्तर
एकहन—पूरा
एकाएकी—अकेले-अकेले
एकादसा-दुआदसा—मृत्यु के पश्चात्
ग्यारहवें तथा बारहवें दिन
एकावनि—५१
एकासी—८१
एकासीसो—१८१
एकाहारा—इकहरा
एकेक-कइके—एक-एक करके
एकेहन—पूरा
एकइस—२१
एकोत्तरसे, एकोत्तरसो—१०१
एखट्ठा—इकट्ठा
एगारह—११
एगारहोत्तर सो—१११
एगारे—ग्यारह
एगो—एक
एगो-दुगो—एक-दो
एडोने—इस तरह
एजबे—अजीब
एठन, एठनि, एठेन—यहाँ
एड़ी-चुरकी—सिर से पैर तक
एतना—इतना
एनहूँ—यह भी
एनियों—इधर भी
एनीके—इनको
एनें, हेंने—इस ओर
एने, एन्ने, एनिये—इधर

एनेकाबर—अनेक बार
एन्ने-ओन्ने—इधर-उधर
एफे—एफ० ए०
एला—इसके समीप
एलाइची—इलायची
एसन, एसा—ऐसा ही
एसे—इससे
एह—यह
एहजुन—अब
एहमन, एहमूं—इसमें
एहर—इधर
एहवात—सौभाग्य
एहवाती—सौभाग्यवती नारी
एहसे—इससे
एहूँ—यह भी, यहाँ भी

ए, एक, एकतरफा, एकदम, एक-ब-एक, एकबारगी, एकहरा, एकाई, एकादसी, एकाध, एतवार, एतमाद, एलाइची, एवज, एवजी, एवमस्तु।

ऐ

ऐंचाह—काना, जो तिरछा देखे
ऐंगुन—अवगुण
ऐंचा—ऐंचाताना
ऐपन—हलदी
ऐस, ऐसन—ऐसा
ऐस—ऐश, मौज
ऐसनकना—ऐसा आदमी
ऐहूसे—इससे भी

ऐरेगैरे।

ओ

ओंइछल—निछावर करना
ओंचास—४९
ओंठगन—सहारा
ओंठगाइल—बन्द करना
ओंठघ—सोना, लेटना
ओंठघाई—रख देना, सहारा लगाकर
ओइसन, ओइसना—वैसा
ओइसहीं—वैसे ही
ओइसें—उस तरह
ओकनी—वे लोग
ओकर, ओकरा—उसका, उसकी, उसके
ओकराला—उसको
ओकाइल—कै करना
ओकाई—कै
ओकाचल—छीलना
ओकि, ओकी—कै, मिचली
ओकील—वकील
ओक्का-बोक्का—एक खेल
ओखद—ओषधि

ओखरि, ओखरी--उखली
ओखादावा—दवा-दारू
ओगसुल—अलग
ओगारल—धीरे-धीरे चुवाना
ओगैरह—वगैरह
ओछ—ओछा, छोटा
ओछर--नीच
ओजन—वजन
ओजह—कारण, वजह
ओजीर—वजीर
ओझइत—ओझा
ओझा—भूत-प्रेत उतारने वाला
ओजाइन—ओझा की औरत
ओझाई—भूत उतारने की क्रिया
ओझा-सोखा—झाड़-फूंक करने वाला
ओट--१. मत; २. टेक; ३. आड़
ओटर—ओट देने वाला
ओटनी—एक जीव विशेष
ओटल—१. बार-बार दुहराना; २. ओटना
ओटिनी—बकवादी
ओटे--छिपकर
ओठंगनी--सहारा
ओठंघा—लेटे रहना
ओठंघावल—१. रखना; २. बन्द करना
ओठन, ओठिन, ओठे, ओठेन—वहाँ
ओठवा—ओंठ
ओड़ल—१.पसारना, फैलाना; २. हाथ द्वारा रोकना
ओड़ा--टोकरा
ओड़ासल—लपेटना
ओड़िया—१. उड़ीसा का निवासी; २. बोने के काम की एक टोकरी
ओढ़ना—उढ़ौना
ओढ़निया—ओढ़नी
ओढ़ल—ओढ़ना
ओढ़ार—भगा ले जाना
ओढ़ावल—उढ़ाना
ओतना, ओतेक—उतना
ओतहिए—उतना ही
ओथरी—एक घास विशेष
ओद—आर्द्र, गीला
ओदरल--१. उखड़ना; २. निकलना; ३. अलग-अलग होना
ओदरि—उदर
ओदारल—अलग करना
ओदारा--पेट, उदर
ओनइस--उन्नीस
ओनतिस—२९
ओनसट्ठासो—१५९
ओनसठि—५९
ओनहत्तरसौ--१६९
ओनहत्तरि—६९
ओनावल--झुकाना
ओनासी--७९
ओनिए--उधर ही
ओने, ओन्ने --उधर
ओनैस, ओनाइस--१९
ओन्चास—४९
ओन्तालससो--१३९
ओन्तालिस—३९
ओन्तीसासो—१२९

ओन्नासीसो—१७९
ओन्हल—झुका हुआ
ओपर—ऊपर
ओपार—उस पार
ओबरि, ओबरी—तंग कोठरी, अँधेरा या छोटा घर
ओबरिया—भीतरी घर
ओबरीनी—घर में
ओमा, ओमे, ओम्मन—उसमें
ओर—किनारा
ओरउनी—घर की ओरी
ओरचन—पलँग के पाँयते की रस्सी
ओरमल—एक ओर लटकना, झुकना
ओरमाइल—झुकाना
ओरहन, ओरहनवा—उलाहना
ओरहा = होरहा
ओरा—ओर, तरफ
ओराइल—समाप्त होना
ओरिचन—अदवाइन
ओरिया—तरफ
ओरी—१. एक तरफ; २. छप्पर का अगला भाग; ३. किनारा
ओरे—तरफ, किनारे
ओरे-ओरे—किनारे-किनारे
ओल—सूरन
ओलरल—सो जाना
ओलरू—पास मिलकर
ओलवारे—छप्पर के नीचे
ओलार—खटिया पर पड़ा व्यक्ति
ओल्हल—कूदना, फाँदना
ओल्हा—खेल जो पेड़ पर चढ़कर खेला जाता है
ओसचदाव—बहुत ही मामूली बारिश
ओसड़ा, ओसारा, ओसरवा—बरामदा
ओसन—वैसा
ओसरि—अवसर
ओसरिग्रा—छप्पर के नीचे बरामदा
ओसरी—१. बरामदा; २. हरी होने योग्य गाय
ओसवा—ओस
ओसारा, ओसारी—बरामदा
ओसावल—भूसे से नाज अलग करना
ओसिआर—ओवरसियर
ओसौनी—दाने और भूसा अलग करना
ओह—उस
ओहटा—दूर
ओहटियावल—खोजना, पता लगाना
ओहर—उधर
ओहरल—१. आँखों का अच्छा होना; २. लटकना
ओहार—१. परदा; २. बारी
ओहि—वह
ओहिके—उसको
ओहिजा—उस जगह
ओहिजूँ, ओहिजे—उसी जगह
ओहियात—१. व्यर्थ; २. हवा से उड़ना
ओही—वही
ओहू—वह भी
ओहू में—उसमें भी

ओछा, ओझरी, ओझल, ओट, ओटनी, ओठ, ओढ़नी, ओभरकोट, ओला, ओस, ओहदा।

औ

औंकी-बौंकी—तड़क-भड़क

औंटल—१. उबाला हुआ; २. उबलना

औंरा—आंवला

औउर—और

औचट-बौचट—मूर्ख

औरति—औरत

औरा—मोथा

औरू, औरो—और भी

औल्हा—पांजा

औवलि—अव्वल, श्रेष्ठ

औसाहिन—वासी जैसा

औहरल—गर्भ धारण करना

ओघड़, ओजार, ओला-मौला, जौलाद, ओलिया, ओसत।

क

कंउचावल—चिढ़ाना

कंउचि—चिढ़

कंक—१. राक्षस; २. दरिद्र; ३. पेटू

कंगरेस—कांग्रेस

कंघई—कंघी

कंचा—कच्चा

कंजा—भूरी आंख वाला

कंटइला—कंटीला

कंटगर—कांटे वाला

कंटरऊल—कन्ट्रोल, नियन्त्रण

कंटहर—कटहल

कंटिया—१. मछली फंसाने की कांटी; २. कीला

कंठवा—गले का आभूषण

कंठिहा—कंठी वाला

कंठी—१. गले का कंठा; २. फावड़े का पिछला ऊपरी हिस्सा

कंडा—सूखा उपला

कंड़ा—सरपत नामक एक पौधा

कंड़ाइल—दबा जाना

कंड़िया—मछली विशेष

कंद—बंडा

कंपा—चिड़िया फंसाने का औजार

कंवल—१. कमल; २. पीलिया रोग

कंहरल—कराहना

कंहरिया—बजनिया, कहार और बाजे वाले

कंहवां—कहां

कइंति—कंथा

कइअहा—काई लगा हुआ

कइथिन—कायस्थ की स्त्री

कइगो, कइठो—कितने

कइतों—तरफ

कइथऊ—कायस्थ

कइनी—बांस की पतली शाखा

कइरा—कयर रंग का

कइल—१. करना; २. आंख का चमड़ा; ३. नुकरे घोड़े की भांति रोम रहित सफेद रंग

कइलान—कल्याण

कइली—बाँझ
कइसनु, कइसना—कैसा
कइसनों—कैसा भी
कइसी—कैसे
कउँकियाल—सोते में चिल्लाना
कउँचल—चिढ़ना
कउँचावल—चिढ़ाना
कउँधि—चमक
कउआरी—एक पौधा
कउआरोर—शोर, हल्ला
कउआल—सोते में बड़बड़ाना
कउड़, कउड़ा—अलाव तापने के लिए
कउड़िया—कौड़ी
कउया—कौन सी बार
ककऊ—काका
ककनवा—कंकण, कंगन
ककना—१. कंगन; २. फसल बाँधने की घास
ककहा—कंघा
ककही—कंघी
ककिआ—काकी
ककुलाइल—खुजलाना
ककुलावल—खुजलवाना
ककूलत—कसर
ककोरल—दाँतों से नोचना
कक्कन—शादी के समय हाथ में बँधा हुआ मंगल सूत्र
कखटा—सूखा
कखउरी—कांख का एक रोग
कगदही—कागज का
कगरिया—अलग

कगरी—नजदीक, पास
कगरी-कगरी—अलग-थलग
कगरे—किनारे
कचकच—शोरगुल
कचकचाइल—क्रोधित होना
कचकल—डिगना
कचटाइल—दब जाना, कुचला जाना
कचड़वा, कचड़ा—कीचड़
कचपेंनिया—कच्ची पेंदी का
चचरकूट—खूब छक कर
कचरल—अच्छी तरह से खाना
कचरस—गन्ने का ताजा रस
कचराकूट—अच्छी तरह खाना
कचवा—कच्चा
कचवा-बध—बेमौत, तरसा-तरसा के मारने की क्रिया
कचवाबेध—अच्छी तरह
कचहर—१. मारना; २. खूब छक कर खाना
कचारल—फींचना, पछारना
कचाहिन, कचाइन—कच्चा होना, कच्चा लगना
कचुमर—चूर-चूर
कचुर—केंचुल
कचेठ—कुछ पका, कच्चा-पक्का
कचोरा—कटोरा
कच्च—फूटने की आवाज
कच्चक—छेनी
कच्छ—पशु की पूंछ के जड़ के नीचे का भाग
कच्छा—एक चौकोर नाव

कच्छा—एक तरह की सुतली
कछिया—बहुत चुस्त जाँघिया
कज—१. मौत; २. ऐब
कजकई, कजकपन—चालाकी
कजरउटा, कजरवटवा, कजरवटा—काजल की डिब्बी
कजरहा—काजल वाला
कजरारा—काजल के रंग वाला
कजरी—१. दीपक से निकली कालिख; २. एक पूर्वी गीत; ३. एक कीड़ा
कजरौटा = कजरउटा
कजला—कजरारी आँखों वाला (बैल)
कजली—कजरारी आँखों वाली (गाय)
कजाक—चालाक
कजिया—श्राद्ध
कटइया—काटने की क्रिया
कटकटाइल—क्रोध करना
कटनवार—काटने वाले
कटनी—फसल काटने की क्रिया
कटर—कट्टर, मजबूत
कटरकटर—गह-गह खाना
कटल—१. कटा हुआ; २. कटना
कटले-मिसले—काटने और मसलने से
कटवाइल—कटवाना
कटवांसी—बाँस की एक किस्म
कटसिंगी—कटे सींगवाली (गाय)
कटहा—काटने वाला
कटाइल, कटावल—कटाना
कटाहू—काटने वाला
कटिक—कुछ
कटुआ—१. एक गाली; २. एक छोटा कीड़ा
कटुई—बिना मलाई की
कटूसी—कंजूसी
कट्ठा—१. जमीन की नाप जो साढ़े तीन हाथ की होती है; २. धान का एक कीड़ा
कठउता—काठ का बना थाल
कठकरेजी—कठोर हृदय वाला
कठजमुनी—छोटा जामुन का फल
कठबपवा—दूसरा पिता
कठबेलि—एक पौधा
कठमचवा—काठ का माँचा
कठमुर्गी—काठ की मुर्गी
कठरा—कठौती
कठवांसी = कटवांसी
कठाइन—काठ की तरह
कठुआ—लज्जा
कड़आइल—१. कंठ का एक गहना; २. जाड़ा या पाला से ठिठुरना
कड़कड़ाइल—कड़कड़ करना
कड़क—पेशाब रुक जाने का एक रोग
कड़खा—तेज
कड़जा—एक पौधा
कड़हड़ी—गाड़ी की पाटी, फरी
कड़ाकड़ी—झगड़ा
कड़ा-बीन—लोहबन्द लाठी
कड़ियल—कठोर
कड़े-कड़े—कौवा उड़ाने का संकेत
कड़ेर—कड़ा, मजबूत
कड़ोर—करोड़

कढ़ाइल—निकालना
कढ़ुआ—पानी निकालने का बर्तन
कढ़ुइ—जिसकी शादी दुल्हा के घर ले जाकर की जाय
कतकत—धीरे-धीरे
कतका—छड़ी, गतका
कतना, केतना—कितना
कतरनी—कैंची
कतरल—कतरना
कतरा—१. एक हिस्सा, टुकड़ा; २. अलकतरा, कोलतार
कतराइल—आँख बचाना
कतवनी—सूत कातने की क्रिया
कतवार—कूड़ा-करकट
कतवारू—मूर्ख
कतहत—कितना
कतही—कहीं भी, कहीं
कतहूँ-कतहूँ—कहीं-कहीं
कत—कहाँ
कताई—सूत कातने की क्रिया
कतारि—पंक्ति
कतिकहा—कार्तिक का
कतिकी—कार्तिकी
कतुना, कतेक—कितना
कते-कते—कहीं-कहीं
कत्ता—१. छोटी तलवार; २. चाकू; ३. हँसुली
कत्ती—१. एक चिह्न बाँध लेना; २. तलवार
कत्तौ—कहीं भी
कथके—किसका
कथक्कड़—कथा कहने वाला
कथरी—बिछौना
कथा-बरता—कथा-वार्ता
कथि, कथी—किस वस्तु का
कदम—कदंब
कदरई—कातरता
कन—१. टूटा चावल; २. कन्द, शकरकन्द
कनइठी—चाँटा, थप्पड़
कनइल—एक फूल, कनेर
कनई—१. कीचड़; २. अंकुर
कनऊ—काना व्यक्ति
कनकचूर, कनकजीरा—एक महीन धान
कनकट—जिसका कान कटा हो
कनकनाइल—चिढ़ा हुआ, तमतमाया हुआ
कनकिल्ली—१. अंकुर; २. खूंटी
कनखा—१. काना व्यक्ति; २. कोंपल
कनखा-कनखी—आँखों द्वारा इशारा-बाजी
कनखिआ—तिरछे
कनखियावल—आँखों की कोर से देखना, आँख बचाना, इशारा करना
कनचोदा—बदमाश
कनछी—छोटी शाखा
कनछेदन—कान छेदने का संस्कार
कनफोर-कनफोरवा—चुगली करने वाला
कनभासन—पक्षपात
कनमनाइल—बुरा मानना

कनवा—काना
कनात—डेरा
कनिआ—नववधू, दुल्हिन
कनिकी—आटा
कनिहार—करने वाला
कनूनची—व्यर्थ की बात करने वाला
कन्ना—१. शकरकंद; २. पेड़ का वह भाग जहाँ से शाखा निकलती है
कन्हा—कन्धा
कन्हावर—कंधे का दुपट्टा
कपटल—नाखून से तोड़ना
कपरचिरवा—जो अपना कपार फोड़ ले; एक जाति विशेष
कपरफोरउल—कपाल फोड़ने की क्रिया
कपरबथी, कपरबत्थी—सिर दर्द
कपरा, कपार—सिर
कपाची—बाती
कपूरा—बकरे का अण्डकोष
कफनावल—कफन ओढ़ना
कबले—कब तक
कबहीं-कबहीं—कभी-कभी
कबहूँ—कभी
कबाइत—कवायद, व्यायाम
क़बारल—उखाड़ना
कबाला—कबीला
कबाहटि—परीशानी
कबिताई—कविता
कबिराज—१. भाट, कवि; २. वैद्य
कबिरिया—होली में गाया जाने वाला (गीत)
कबिलियत—योग्यता
कबीर-कथनी—किस्सा, कहावत
कबुज—कब्ज
कबुजा—कब्जा
कबुर—कब्र
कबुलाइल—कबूल करना
कबुलावल—स्वीकार कराना
कबूल—कसम
कबूलल—स्वीकार करना, कबूलना
कबेला—कौए का बच्चा
कबो, कब्बो, कबहूँ, कबही—कभी
कमइल—कमाना
कम-कम—धीरे-धीरे
कमखोट—बुरा
कमगर—काम के योग्य
कमठा—धनुष, कमान
कमनिहार—कमाने वाला
कमरकस—कमर का एक गहना
कमरबन—कमरबन्द
कमरा—१. कंबल; २. कमरा
कमरी—छोटा कंबल
कमवाँ—कार्य
कमवाइल—कमवाना
कमाइल—कमाना
कमाची—तीली, खपाँच
कमानि—धनुष, कमान
कमेरा—काम करके कमाने वाला
कम्मर—कमर
कयदा—कायदा
कयलान—कल्याण
करइल—काली (मिट्टी)

करइला, करइलिया—करेला
करक—पेशाब रुकने के कारण दर्द
करकच—बार-बार का झगड़ा
करकर—व्यर्थ की बकबक
करकराइल—गुस्से में अनाप-शनाप
व ना, बकझक करना
करकस—कर्कश, जबरदस्त
करखन्ना—कारखाना
करखल, करखा—१. क्रोध करना;
२. बढ़ाना; ३. जोश, ताव
करगह—करघा, जुलाहे का औजार
करठो-करछो—भैंस को बुलाने का शब्द
करजीभा—मनुष्य जिसकी कही हुई
बात हो जाती है
करजोरल—हाथ जोड़ना
करनवां, करनवे—कारण
करनी—खुर्पी, एक औजार
करनीहार—करने वाले
करल—करना
करवइया—करने वाला
करसिनी—सूखा गोबर
करसी—ईंधन
करहा, कराहा—बड़ा कड़ाह
कराबा—शीशे का मर्तबान (जार)
करारा—१. बलवान्, खूब जोरदार;
२. कड़ा
कराही—छोटा कड़ाह
करिअका, करियवा, करिया,
करिक्का—काला
करिअठ, करिअठा, करिआ—काला
करिआरी—एक विषैला पौधा
करिखहा—काली वस्तु लिपटी हुई
करिखा—कालिख
करिफ्को, करिअकी, अरियई—
काली स्त्री
करियवा, करिया—काला
करियाल—काली
करिहांव, करिहाई—कमर
करीला—कड़ुवा
करुआर—लोहे का काँटा
करुवा, कड़ू, कड़ुआ—कड़वा
करुवहि—सरसों का तेल
करूआ—कड़ुआ
करूआसन—उद्विग्न
करुन—दया, करुणा
करेज, करेजा—कलेजा
करेजो—बकरे के कलेजे का मांस
करेर—सख्त
करोर—करोड़
करौना—करौंदा
करौनी—मजदूरी
कर्रा—कड़ा
कलई—१. नकल; २. वस्तु के ऊपर
लगा पर्दा
कलऊ—कलियुग
कलकानि—१. कलह, शोर; २. चिंता
कलछल—धूर्तता
कलछुल—करछुल
कलट्टर—कलक्टर
कलप—कलफ
कलपल—कलपना, दुःख व्यक्त करना
कलपावल—दुःख देना, कलपाना

कलवल—उपाय
कलयान—कल्याण
कलवा—मशीन
कलसा—१. पानी का घड़ा;
२. कलश; ३. कंगूरा
कलसी—मिट्टी का एक छोटा बर्तन
कलसुपवा—बाँस की एक छोटी टोकरी
कला—चतुरता
कलेस—क्लेश, कष्ट
कलोर—गाय का सद्योजात बछड़ा
कल्ये—आने वाला कल
कल्ले-कल्ले—धीरे-धीरे
कल्हारल—घी या तेल में भूनना
कवना पड़े—किधर से होकर
कवनिदेई—कौन स्त्री
कवनो—कौन
कवर, कवरो—कौर
कवरवनि—कोना
कवरा—रोटी का टुकड़ा
कवरू—कामरूप, पश्चिमी आसाम
कवल—हृदय, अन्तरात्मा
कस—कैसा, क्या है ?
कस—काबू
कसइनि, कसइली—सुपारी
कसउरी—कसौटी
कसकल—कसकना
कसकारी—काश्तकारी
कसमस—कसैला
कसमसाइल—बीमार पड़ना
कसमिन, कसबिन—वेश्या
कसयपन—कसाई का काम
कसर-मसर—दुविधा
कसरि—कमी (रहना)
कसरिआइल—१. सुस्त; २. भीतर से
खराब; ३. बीमार होना
कसरियाह—कुछ संदेहयुक्त
कसल—कसैला होना
कसा, कसाव—कसैला
कसाइल—कसैला होना
कसार—चूरमा
कसैली—सुपारी
कस्तुरिया—कस्तूरी
कस्बी-पुतरिया—वेश्या
कहँरई—कहार का काम
कहनी—कहानी
कहर—कष्ट, विपत्ति
कहल—कहना
कहलपार—कहने की सामर्थ्य
कहवही—कहाँ
कहवाँ—कहाँ
कहवाइल—कहलाना
कहाँर—कहार
कहाउत—कहावत
कहाक—कहने वाला
कहा-कही—१. बात; २. लड़ाई;
३. गाली-गलौज
कहिया—किस दिन
कहुआ—कहने पर काम करने वाला
कहूँ-कहूँ—कहीं-कहीं
काँकरि—कंकड़ी
काँखल—काँखना
काँखि—काँख, बगल

कांच—१. कच्चा; २. गुदास्थान; ३. शीशा
कांग्रेज—कांग्रेस
कांच केरा—कच्चा केला
कांचनीहर—बहादुर
कांचा, कांचे—कच्चा
कांट—कांटा
कांटकुस—काँटा और कुशा
काँठा—कंठा, गले में पहनने वाला गहना
काँड़ल—कोंड़ना, मारना
कांड़ी—दियासलाई की कांड़ी
कांदो—१. बनिया; २. कीचड़
कांपल—कांपना
कांपी—कापी
कांवर(रि)—बहंगी
कांस—एक घास विशेष
काँसा—पीतल
कांहे—क्यों
कांहेकि—क्योंकि
का—२. क्या; १. एक गुना
काका—पिता का भाई, चाचा
काकाना—कंकण
काकुनि—एक अनाज
कागद, कागदवा—कागज
काचनारवा—कचनार का वृक्ष
काचहि—कच्चा
काचारल—धोया हुआ
काछ—१. पास; २. रोग विशेष; ३. धोती का निशान
काछल—पोंछना
काछा—लंगोट
काज-परोजन—१. प्रयोजन; २. उत्सव
काजर—काजल
काटछाट—चतुराई
काटल—काटना
काटी—तेल रखने का पुराना बर्तन
काड—पत्र, कार्ड
काढ़ल—निकालना
काड़वा, काड़ा—पैर का गहना
कातल—कातना
काता—एक औजार-विशेष
कातानु—कितना
कातिल—१. होशियार; २. खतरनाक
काथा—कथा
कादर—आलसी, कायर
काबु—क्या जानें, न जाने क्या
कादो—कीचड़
कानगोम—कानूनगो
कानल—रोना
कानि—१. लिहाज; २. संकोच
कानियों-कौड़ी—कुछ भी, कानी कौड़ी
कानी-अंगुरी—छोटी अंगुरी
कापारा—सिर
काबर—कबरा
काबिज—१. उत्तम; २. कब्जा
कामाइल—कमाना
कायथ केइयुल्ली—कायस्थ वगैरह
कारी—काली
कालिह—कल
कावना—कौन

कावरवा—१. कोने में; २. घर के पास
कास—जगली घास
काहावा—कहां से
काहि—किसको
किकिआइल—भय से रोना
किचकिल—गुस्सा होना
किचराइल—कीचड़ लगना
किकुराइल—सिमटना
किकुड़ल—सिकुड़ना
किकोरल—खुरचना
किचकिच—१. कीचड़; २. वाद-विवाद
किचकिचाइल—१. दांत पीसना;
२. गुस्से में आना
किचड़ाइल—कीचड़ वाली आंख
किचपिच—हेर फेर
किचिर-पिचिर—गंदा, मामूली कीचड़
किछऊ, कीछू—कुछ
किछार—कछार
किछुओ—कुछ भी
किन—खरीद
किनकी—चावल का टूटन
किननिहार—खरीदने वाला
किनवार—राजपूत जातिविशेष
किनार—किनारा
किरकिरहा—किरकिरा
किरकीन्ह—असंतोष
किरतिया—कीर्ति
किरनबाही—सुबह से दोपहर तक
रहने वाला सिर दर्द
किरवा—कीड़ा-मकोड़ा
किराइन—अशुद्ध, आमिषाहारी वस्तु
किरानीगरी—व्यवसाय का काम
किरासन—मिट्टी का तेल
किरासिण—१. मिलाप; २. क्रासिंग
किरिन—किरण
किरिया—१. कसम; २. क्रिया
किरिया-उरिया—शपथ
किरिस्तान—ईसाई
किरौना—कीड़ा
किरोध—क्रोध
किलकल—खिलखिलाकर हंसना
किलवा—किला
किलहंटा, किलहंटी—एक चिड़िया
किसिम—किस्म
किसुन—कृष्ण
किहा, केहां—छोटे बच्चों की रुलाई
किहें—पास, के यहां
कीच, कीचर—कीचड़
कीन—खरीद
कीनबेसाह—क्रय-विक्रय
कीनल—१. खरीदना; २. खरीदा हुआ
कीनल-बेसहल—खरीद-फरोखत करना
कीर—सुग्गा
कीरपा—कृपा
कीरा—सर्प
कीला—किला
कीसा—किस्सा
कीसानई—किसानी, किसान का काम
कुंआंर—१. क्वारा; २. आश्विन का
महीना
कुंआंरि—१. क्वारी; २. क्वार महीने का
कुंड—नदी का गहरा स्थल

कुंडि—कुएं से पानी निकालने का बर्तन
कुंड़िया—कुंड
कुंड़ी—पत्थर का छोटा बर्तन
कुंड़ी-कोतका—कूड़ा
कुंवार—कुवांरा
कुआर—क्वार का महीना
कुइआं—छोटा कुआं
कुक्कुर, कुकर, कूकुर—कुत्ता
कुकुर-झों-झों—बेकार की लड़ाई, व्यर्थ का तर्क-वितर्क
कुकुरदंता—जिसके दांतों के ऊपर दांत हों
कुकुरा—कुत्ता
कुकुरी—कुतिया
कुकुही—१. खेत, जब कुछ नहीं पैदा होता; २. एक फसली कीड़ा
कुच—कुछ
कुचकुच—छोटी-छोटी
कुचकुचवा—एक काला पक्षी
कुचकुचाइल—पीसना, महीन करना
कुचवाइल—बैल का अंडकोष कुचवाना
कुचाइल—दबना, पिस जाना
कुचुर-कुचुर—मिचमिचाकर देखना
कुचुरा—जो ठीक से न देख सके
कुचुराइल—कीचड़ आना
कुचुरावल—शिकायत करना
कुछुए—किसी काम का
कुजगहें—खराब स्थान पर
कुजूनि—कुसमय
कुटइया—कुटाई
कुटकी—मच्छर की तरह का एक छोटा कीड़ा
कुटनहरि—कूटने वाली
कुटनहरी—दुष्टा
कुटनू—एक गाली
कुटम्मस—बुरी तरह पिटाई
कुटवावल—कुटवाना
कुटिहा—मजाकिया
कुटुंगत—थोड़ा-थोड़ा हिस्सा
कुटुकुरे—जमीन का सूखा भाग
कुटुम—कुटुंब
कुटुर-कुटुर—धीरे-धीरे
कुटुराइल—आराम से खाना
कुटेम—देर
कुट्टी—१. लड़ाई; २. चारा
कुठला—बखारी
कुठाट—बुरी बनावट
कुठार—कुठाँव, बुरे स्थान पर
कुठेठि—झगड़ा
कुड़ी—कली
कुड़ुक—नीलाम
कुढ़ी—कली
कुतवाल—कोतवाल
कुतुआ—अंदाज से निश्चित
कुदरा—फावड़ा
कुदल—कूदना
कुदरा—दर्प की कुदाई
कुदानि—कूदने की स्थिति

कुदार—कुदाल, फावड़ा,(छोटी कुदारी)
कुनरी—ग्वारफली
कुनाई—सूखी पत्तियों का बारीक चूरा
कुनेति—बुरी नियति
कुपवा—छोटा बर्तन
कुपुटल—थोड़ा काटना
कुपुटि—कपट
कुपेंच—बुरा दाँव
कुफार—व्यंग्य
कुफुत—चिन्ता
कुफुर—घोर पाप
कुबति—शक्ति, कुव्वत
कुबरहा—कूबड़ वाला
कुभाखा—१. बुरी भाषा; २. अपशकुन
कुभाग—दुर्भाग्य
कुमकुमा—चमकीला
कुमती—बुरे विचार
कुमुरखी—मूर्खता
कुम्हिलाइल—मुरझाना, कुम्हलाना
कुम्हीपाक—कुंभी-पाक
कुरकुराइल—चबाना
कुरमियाना—कुर्मियों का मुहल्ला
कुरमुर—१. कुरमा; २. गोत्र
कुरसी-कायदा—रीति-रिवाज
कुरिआ, कुरी—ढेरी
कुरिआइल—ढेरी लगाना
कुरुई—छोटी डलिया
कुरुता—कुरता
कुरुर-कुरुर—चुरंमुरं करके चबाना
कुलकुलाइल—गड़बड़ करना
कुलफा—१. डाट; २. एक साग
कुलफी—१. डाट; २. आइसक्रीम
कुलबोरनी—खानदान को डुबाने वाली, बदनामी करने वाली
कुलहिन, कुल्हीन—सब, सभी
कुलि—कुल
कुलेल—केलि-क्रीड़ा
कुल्हि, कूल्हि, कूल्ही—सब, ठीक
कुल्ली-कलाली—मजदूर लोग
कुस—कुश
कुसलात—कुशल समाचार
कुसुमिया—कुसुम्भे का फूल
कुहरिया, कुहासा—कुहरा
कुहाल—दुरगत
कुहुकल—कुहुकना, कूकना, मृदु आवाज में बोलना
कुहुर—कपट
कुहेसा—कुहासा
कूंचा—१. बुहारनी; २. चटनी
कूंज—कुञ्ज
कूंटल—कूटना
कूंड़ा—मिट्टी का बड़ा घड़ा
कूंड़ि—डोल
कूंडी—पत्थर की कटोरी
कूंढ़ि—फूल की कली
कूकरी—पके दाने
कूकुरा—कुत्ता
कूचल, कूचा—महुए का फूलना
कूटल—कूटना, मारना
कूत—अनुमान
कूत-कूत—छोटे कुत्ते को बुलाना
कूतल—अनुमान लगाना

कूदल—कूदना
कूवल-छड़कल—कूदना-भागना
कूपवे—ज्यादा, खूब
कूबति—कुव्वत, शक्ति
कूबर, कूबा—कुबड़ा
कूरा—छोटी ढेरी
कूला—कुल्ला
कूली—कुली, मजदूर
कॅया—कपड़ा
कॅवट—केवट
कॅवाड़ि—किवाड़
कॅहुना/केहुँनि—घुटना तोड़ना
के—कौन
केओचा—बड़ा झरना
केओड़ा—केतकी
केकर, केकरा, केकरे—किसको, किसके
केतना, केतेक—कितना
केतहत—कितना बड़ा
केताप—पुस्तक
केतिनो—कितनी
केथी—क्या
केन—खरीद
केनवा, केना—महुए का फल
केनहू—किधर भी
केने, केन्ने—किधर
केमे—किस में
केरवा—केला
केरवानी—केले का बाग
केरा—केला
केराकचहरी—कचहरी इत्यादि
केराई, केराव—मटर
केलहुआड़—कोल्हू वाला स्थान
केवड़िया, केवाड़ी—दरवाजा
केवला, कॅवला—नीबू विशेष (मीठा)
केवांचि—ग्वारफली
केवांर—कपाट
केसरि—केसर
केसवा, केस—बाल
केह् जूनि—किस समय
केहर—किधर
केहुना—कोई नहीं
केहूँगा—किस तरह
केहू—कोई
कोंचल—कोंचना, मारना
कोंचाकोंची—लड़ाई
कोंढ़ी—गोढ़ी
कोंतड़—पोला
कोंपनी—कम्पनी
कोंहइनी—कुम्हार की आँख
कोंहड़ा—कुम्हड़ा
कोंहनाइल—रुष्ट हो जाना
कोंहार—कुम्हार
कोआटर—क्वार्टर
कोइना—महुआ का फल
कोइनी—बाँस की पतली छड़ी
कोइल—१. काले कानों वाला बैल;
२. कोयल
कोइलरि—कोकिल
कोइलांसी आम—जिस आम पर
काला धब्बा हो
कोइलिया—आम की गुठली
कोइली—१. कोयल; २. धान का रोग

कोका—भूत
कोचल—कोंचना, मारना
कोटर—क्वार्टर
कोठल—दाँतों का संज्ञाहीन होना
कोठा—ऊंचे मकान का उपरला भाग
कोठावा—अटारी
कोठिला—कुठला, अन्न रखने का स्थान
कोड़नी—खेत गोड़ने की क्रिया
कोड़ल—कोड़ना, गोड़ना
कोड़ाई—खेत की गोड़ाई, गोड़ना
कोड़िखनि—१. खोद-खाद; २. सपाट
कोढ़ियामेह—धूप भी और वारिश भी
कोतराही—आलसीपना, टालमटोल
कोतवलवा—कोतवाल
कोतवाली—रक्षा करना, देख-रेख करना
कोतहगरदनिया—छोटी गर्दन वाला
कोताह—कम
कोदई—कोदों
कोन—कोना
कोनाकोनी—तिरछा
कोपल—किसलय, कोंपल
कोपलांसी—आम के भीतर कोमल गुठली
कोपीन—वृक्ष की छाल का गेरुआ वस्त्र
कोबी—गोभी
कोरचा—छिपा हुआ धन
कोरमल—लटककर मर जाना
कोरव—बाँस का खंड
कोरवा—गोदी
कोरसिस, कोसिस—कोशिश
कोरही—कोढ़ी
कोरा—गोद
कोरिहा—कोढ़ी
कोरो—बाँस का खंड जो छप्पर में लगाया जाता है
कोल—जामुन जैसा एक फल
कोलवा—खेत का छोटा टुकड़ा
कोला—खेत विशेष, वेढ़ा
कोलिआ—पतली गली
कोल्हा—कोना
कोल्हार—गन्ना पेरने का स्थान
कोवा—कटहल के भीतर का मीठा वीज
कोसल—शाप देना
कोसा—१. पत्थर का वर्तन; २. कोश
कोसीला—कौशल्या
कोह—क्रोध
कोहडौरी—सफेद कुम्हड़ा से बनी वरी
कोहनाइल—गुस्सा होना, नाराज होने का स्वाँग रचना
कोहबर—वर-वधू को बैठाने का कमरा
कोहांयल—नाराज-सा
कोहांर—१. मुंह फेर लेना; २. कुम्हार
कोहा—मिट्टी का वड़ा कटोरा
कोहाइनि—कुम्हार की स्त्री
कोहाइल—गुस्सा हुआ
कौनो—कौन
कौंसल—१. कौंसिल; २. सलाह
कौआ हंकनी—कौआ हांकने वाली

कोआइल—१. उदास हो जाना;
२. अचरज में होना
कोआवल—अचंभा करना
कोरा—कुत्ते के लिए बचा-खुचा कौर
कोवाली—गजल
कोहरगड्डा—गड्ढा जहाँ से कुम्हार मिट्टी लाता है

कंकर, कंकरीला, कंकरीट, कंगन, कगना, कंगला, कंगाल, कंगाली, कगुनी, कंगूरा, कंचन, कंजूस, कंटरोल, कंटिया, कंठ, कंठस्थ, कंठा, कंठी, कंठीधारी, कंडील, कंत, कंरकंपी, कंपनी, कंवल, कंवलगट्टा, कइंची (कैंची), कइसे (कैसे), कउआ (कउवा), कउल, कउल-करार, कउवालो, ककरी/ककड़ी, ककहरा, कगार, कचनार, कचर-कचर (खाना), कचहरी, कचूमर, कचौड़ी, कच्चा, कछनी, कछार, कजा (मौत), कटहर/कटहल, कटाई, कटान, कटारी, कटाव, कटोरा, कटौती, कठघर, कठपुतली, कठफोड़वा, कठिन, कठिनाई, कठोर, कठौती, कड़वी, कड़ा, कड़ी, कड़ुआ, कढ़ी, कतल, कतले आम, कताई, कतार, कत्तई, कत्थई, कत्था, कथक/कत्थक, कथा, कद, कदम, कदर, कद्दू, कन (चावल के), कनखी, कनटोप, कनपटी, कनफटा, कनफूल, कनस्तर, कन्यादान, कनिसटेबल, कन्नी, कनूनी, कपट, कपटी, कपड़छन, कपड़ा, कपार-किरिया (कपाल क्रिया), कपासि, कपिला, कपूत, कपूर, कफ, कफन, कब, कबज, कबजा, कबड्डी, कबर, कबरगाह, कबरा (कबुंर), कबाड़िया, कबाड़ी, कबाब, कबि (कवि), कबित्त, कबीर (गीत), कबीला, कबुतर/कबूतर, कबूल, कम, कमचोर, कमजोर, कम-बेसी, कमर, कमरख, कमल, कमाई, कमाऊ, कमान, कमानी, कमिटी, कमी, कमीज, कमीना, कमीसन, कयदा-कानून, कर, करईत (सांप), करकरासिंघी, करकस (कर्कश), करखाना, करघा, करजदार, करजा, करतब, करता-धरता, करतार, करधनी, करनी, करमकल्ला, करमचारी, करम-रेखा, करमहीन, करमात, करवट, करार, कराल, कराह, करीब, करील, करुना (करुणा), करैला, करोड़पती, करौली, कलंक, कलंकी, कलउंजी, कलजुग, कलजुगी, कलफ, कलम, कलमदान, कलमी, कलह, कलाई, कलाकंद, कलाबाजी, कलास, कलिकाल, कलिया, कली, कली चूना, कलील (थोड़ा), कलेवा, कसकुट, कसबा, कसबिन, कसम, कसर, कसरत, कसरती, कसवटी, कसाई, कसीदा, कसूर, कसूरवार, कस्ट, कस्तूरी, कहकहा, काँख, काँटा, काइयाँ, काइदा, काई, काऊँ-काऊँ, काएर (कायर), कागज/कागद, कागजात, कागदी,

काज, काजो, काट, काट-छाँट, काठ, काठी, काढ़, कातिक, कान, काना, काना-फूसी, कानून, कानूनी, काफिर, काफी, काबिल, काबू, काम, काम-काज, कामकाजी, कामदार, कामयाब, कायदा, कायर, कायम, काया, कायापलट, कारक, कारतूस, कारन, कारबारी, कारिंदा, कारी, कारीगर, कारीगरी, काल, कालर, कालो, कालीन, कालेज, कासत, कास्तकार, काहिल, किचकिच, किचड़/कीचड़, किताब/किताबि, किनखाब, किनारा, किनारी, किफायत, कियारी, किरया, किरकिरी, किराया, कियारेदार, किलकारी, किलनी, किला, किल्ली, किसमत, किसमिस, किसान, किसी, किस्त, कीमत, कीमा, कीरतन, कीरति, कील, कुंजी, कुंड, कुंडल, कुंडली, कुंडी, कुंदन, कुंदरू, कुंदा, कुंभ, कुकुर, कु-करम, कुकुरमुत्ता, कुचाल, कुचाली, कुचिला, कुछ/कुछु, कुजाति, कुटनी, कुटिया, कुटिल, कुटेव, कुठाँव, कुढंग, कुतिया, कुदरती, कुदिन, कु-नजर, कुनबा, कुनीति, कुपथ, कुपित, कुपूत, कुप्पा, कुफल, कुबजा/कुबरी, कुभाग, कुमारग, कुमेटी, कुमकुमा, कुमति, कुरंग, कुरकमीन, कुरकी, कुरता, कुरती, कुरथी, कुरबानी, कुरसी, कुराज, कुरान, कुरुक, कु-रुख, कुरूप, कुल, कुलच्छन, कुलछनी, कुलटा, कुलथी, कुलवंती, कुलाँच, कुली, कुल्ला, कुल्ली, कुल्हाड़ी, कुवाँ, कुवार/क्वार, कुसमय, कुसल, कुसलता, कुसाइत, कुसुम (रंग), कुस्ती, कुहनी, कुहासा, कुहुक, कूँची, कूँड़ा, कूक, कूट-काट, केंचुआ, केंचुल, केआरी (क्यारी), केउड़ा (केवड़ा), केराना (किराना), केलि, केवट, केम, केसरिया, कै, कैंद, कोइला, कोई, कोख/कोखी, कोचवान, कोट, कोटर, कोटा, कोटि, कोठा, कोठार, कोठारी, कोठी, कोड़ा, कोड़ी, कोढ़, कोढ़ी, कोतवाल, कोतवाली, कोताही, कादों, कोना, कोप, कोमल, कोर, कोरट, कोरदार, कोरा/कोरे, कोल्हू, कोस, कोसिम, कौंध, कौआ, कौर, कौवाली।

ख

खंइंचड़—खच्चर
खंइंचल—खींचना
खंखड़—इनार के लिए खोदा हुआ गड्ढा
खंखरी—खोखला धान
खंखोरल—खरोचना
खंग—पशुओं के खुर सड़ने का रोग
खंघारल—पानी से धोना
खंचड़ा—एक गाली, दोगला
खंचिआ—टोकरी
खंचित—निश्चित
खंचिया—टोकरा
खंज—नष्ट हो जाना, गिर जाना

खंझड़ी—एक छोटा सा बाजा
खंझर—मिश्रित, अशुद्ध
खंडरिच—खजन
खंडसरी—खांड बनाने की दुकान
खंड़ेरा—बेसन का एक चौकोर बड़ा
खंत—गड्ढा
खंता, खंती—खोदने का औजार
खंदा—गोल
खंभवा, खंभिया—१. स्तंभ जो दरवाजों पर होता है; २. बाँस
खँसी—बकरा
खइका—भोजन
खइनिया, खइनी—सुर्ती, तम्बाकू
खइर—कुशल
खइला-कमइला—खाने-कमाने वाला
खइहँस—झंझट
खउँखिआइल—झुंझलाना
खउक—बुरा, गंदा
खउकल—घुड़कना
खउफ—भय, खौफ
खउरहा—जिसे खुजली हो
खउरा—खुजली, कुत्ते का रोग
खउलल—उबलना
खउलावल—उबालना
खऊआ—१. खीझ; २. खाने योग्य
खकसी—एक जंगली फल जिसकी तरकारी बनती है
खकही—खाने वाली (गाली)
खखन-खखन—खन-खन बजना
खखनवा—लालसा
खखरहा—विरल बुना हुआ
खखरियाइल—पुराना होना
खखाइल—१. इच्छा रखना; २. दरिद्र की तरह खाना
खखा के—जोर से
खखुआइल—लालायित होना
खघाइल—धोना, खँघालना
खचोलवा—बड़ी टोकरी
खजुआइल—खुजलाना
खजुरी—एक पकवान
खजुलिहा—खुजली के रोग वाला.
खजुहट—खुजली
खजूरि—खजूर
खट—खट्टा
खटइया—खटाई
खटउर—खटमल
खटकल—खटकना
खटकिरवा—खटमल
खटखट—झगड़ा
खटखटावल—दरवाजा खटखटाना
खटपट—१. अनबन, लड़ाई; २. तुरन्त
खटपटी—चटपटी
खटमचवा—खेतों में का छोटा मचान
खटर-पटर—खटखट की आवाज
खटल—परिश्रम करना
खटाइल—खट्टा होना
खटाक—जल्दी से
खटाखट—बिना किसी बाधा के
खटायल—खटाना या खट्टा हो जाना
खटिबिनवा—खाट बुनने वाला
खटो—खट्टा
खटोलना—खटोला

खड़कल—खड़-खड़ की आवाज
खड़काइल—खट-खट करना
खड़खड़िया—दोपहर
खड़बड़—घबराहट
खड़बड़ाइल—घबराहट में पड़ना
खड़बड़ी, खड़बोहड़—१. हलचल; २. ऊबड़-खाबड़
खड़मंडल—गड़बड़
खड़ा-खड़ी—तुरन्त
खड़ा होखल—खड़े होना
खड़िका—दाँत खोदने का तिनका
खड़िरिच—एक विशेष पक्षी
खढ़िआइल—खड़ा करना
खतिआवल—खतियाना
खतिरा—लिए, हेतु
खतोना—घोंसला
खत्ता—१. गोदाम; २. जमीन खोदने का औजार
खदकाइल—पकाना, उबालना
खदगोबरा—खाद वाला
खदर-खदर—जल्दी-जल्दी (उबलना)
खदर-बदर—बड़-बड़
खदरल—खराब हो जाना
खदिगर—खाद वाला
खदुका—ऋण लेने वाला
खदेरल—खदेड़ना, भगाना
खन—क्षण
खनकट—खनखनाना
खनकल—खटकना
खनकावल—खनकाना, बजाना
खनखना—सिक्कों का बजना
खनदान—परिवार, कुटुम्ब
खनदानी—अच्छे कुटुम्ब का
खनल—खोदना
खनहन—हल्का
खनाइल—खनखनाना, खोदवाना
खनाखन्न—धातुओं की आवाज
खनिआइल—खाली करना
खने-खने—प्रतिक्षण
खपकन—कीचड़
खपचि-खपचि—मिला-मिलाकर
खपटा—मिट्टी के बर्तन का टुकड़ा
खपड़ा—१. खपरैल; २. घर
खपड़ोही—खोपड़ी की हड्डी
खपति—समाप्ति
खपरआर—गन्ना पेरने का पहला दिन
खपल—१. रहना; २. निभना
खपवल—खपाना
खपसूरती—१. खूबसूरत; २. सुन्दरता
खपावल—निभाना, पार करना
खफा—नाराज
खबरि, खबरियो—समाचार, खबर
खबीस—बुड्ढा
खब्बू—मुफ्त खाने वाला
खबौनी—गेहूँ की मोठी रोटी
खमखमा के—एकाएक
खमचगइल—झगड़ा होना
खमसल—भीड़ करना
खमाचल—एकत्र होना
खमिआ—स्तंभ
खम्हा—खंभा
खयका—भोजन

खयनिहार—खाने वाला
खर—खरा
खरइल—गर्म करना
खरउवां—खड़ाऊँ
खरकट—शरारती (पशु)
खरकी—स्थान छोड़कर नीचे आना
खरखर—पत्तों का खड़कना
खरखराइल—खर-खर करना
खरखसा—उपयुक्त समय पर काम न करने वाला
खरची—रसद
खरचिया—खर्चा
खर-जुर—जुकाम
खरदरि—महुवे की रोटी
खरदवाइल—खराद कराना
खरपा—स्त्रियों का जूता
खर-पात—तिनका आदि, घास
खरबुज्जा—खरबूजा
खरमकरा—एक फैलने वाली घास
खरमिटाव, खरमेंटाव—प्रातः जलपान
खरर-खरर—खर-खर की आवाज
खरवनस—घी या मक्खन को गर्माने पर जो शेष बच जाय
खरवांस—धन और मीन राशि के सूर्य का मास
खरवा—खर
खरवार—बुरा दिन
खरहा—खरगोश
खरहिया—कटी फसल की ढेरी
खरही—खरगोश (मादा)

खराई—समय से जलपान न करने से जुकाम
खराऊँ—खड़ाऊँ
खरावबाइल—खरदवाना
खरिआइल—कमाना, संचय करना
खरिका—तिनका
खरिदवार—ग्राहक
खरिहनिया, खरिहान—खलिहान
खरी—खली
खरीदल—खरीदना
खरीदि—क्रय, खरीद
खरुआ—भूरे रंग का कपड़ा
खरोंचि—खरोंच
खरोचल—खरोंचना, खसोटना
खल—१. दुष्ट; २. खरल
खलई—दुष्टता
खलक—१. दुनिया; २. भीड़
खलखलाइल—खल-खल की आवाज करना
खलरा—चमड़ा
खलाइल—पेट को खलाना
खलार—कुछ नीचा
खलास—खाली
खलिआ—नीची जमीन
खलिआइल—खाल उतारना
खलिगर—काम से खाली
खलित्ति—रामा (मिट्टी खोदने का)
खलिहा—खाली
खवइया—खाने वाला
खवाइल—खिलाना
खवास-खवासिन—नौकर-चाकर

खसकल—खसकना
खसकाइल—हटा देना
खसूर—कसूर
खसी—बकरी का बच्चा
खस्टी—षष्टी
खस्सी—बकरा
खां—पदवी
खांई—खाई
खांखर—१. झीना, पतला; २. रेह वाली मिट्टी
खांखरि—कच्चा कुआँ
खांचल—खींचना
खांचा—टोकरा
खांची—टोकरी
खांटी—१. विशुद्ध; २. खूंटी
खांड़—खंड
खांसल—खाँसना
खांव—खांसी आने पर जो ध्वनि निकले
खाइल—खाना
खाइल-पियल—खाना-पीना
खाऊ-बीर—ज्यादा खाने वाला पर कामचोर
खाकी—राख लगाने वाला साधु
खाके-खानी—१. खाका उतारने वाला; २. नकल करना
खाखाइल—लालायित होना
खाटी—चारपाई
खाड़ा—खड़ा
खातिन—लिए, निमित्त
खातिर—१. आदर; २. लिए
खातिर-बात—खातिरदारी, सम्मान
खाती—लिए, निमित्त
खादि—खाद
खानि/खानी—तरह, किस्म
खाम—त्रुटि, कमी
खाल—नीचा
खाला—खाने की आदत से संबंधित
खास—आत्मीय
खिचवाइल—खिचवाना
खिचाइल—खिचा हुआ
खिचानी—खींचने की हिम्मत
खिआइल—घिसना
खिआल—ख्याल
खिखिआइल—१. जोर से हँसना; २. क्रोधित होना
खिखोरनी—जुलाहे की कूंची
खिचखिच—किचकिच
खिजमत—सेवा, खिदमत
खिजमतिहा—सेवक
खिजझाइल—रुष्ट करना
खिझिआइल—गुस्सा या नाराज होना
खिदिर-बिदिर—खराब
खिनिस—क्रोध
खिन्नी—एक फल, खिरनी
खियाइल—घिस जाना
खिरकिया—खिड़की
खिरकी—खिड़की, झरोखा
खिलल—जगमगाना
खिल्लत—झंझट
खिवाइल—घिस जाना
खिसकल—खिसकना
खिसकाइल—खिसकाना

खिसिआइल—गुस्सा करना
खिसिआह—क्रोधी
खिसी—क्रोध
खिस्सा—कहानी, किस्सा
खींच-खांच—इधर-उधर
खींचड़ी—खिचड़ी
खींझल—उबालना, पकाना
खीचल—खीचना
खीझल—रुष्ट हो जाना, खीझना
खीन—क्षीण
खीनिस—क्रोध
खीरकदम—छेने की एक मिठाई
खीरि—खीर
खीलल—कील से बन्द करना
खील—भूना धान, लाजा
खीला—कील
खीलि—धान के लिए खेत
खीली—पान का बीड़ा
खीसा—१. कहानी; २. जेब
खीसा-खीसी—गुस्सा
खीसि—क्रोध
खीसी—गुस्सा
खिसिआइल—गुस्सा करना
खुखुड़ी—कटार
खुसाइल—क्रोधित होना
खुअका—खाली
खुखड़ी—बिना दाने की बाल
खुखसान—पीट-पीट कर अधमरा करना
खुचारी—जिल्लत, बदनामी
खुचुर-खुचुर—जल्दी-जल्दी
खुटखुटाइल—खुटखुटाना
खुटवा—खूंटा
खुटिहार—खूंटीवाला
खुड़ियाइल—तलाशना
खुत्या—पेड़ की गांठवाली ऊपरी जड़
खुथा - लकड़ी का बाहर निकला हुआ भाग
खुद—१. क्षुद्र; २. स्वयं
खुदका-खुदकी—खोदा-खादी
खुदकावल—१. खोद देना; २. उसकाना
खुदे—स्वयं ही
खुद्दी—चावल का टूटन
खुनकल—आवाज करना
खुन-खुन—रोते समय हुन-हुन
खुनचुसवा—खून चूसने वाला
खुनवा—खून
खुनहा—खून वाला
खुनाइल—खून निकलना
खुनुस, खुनुसि—१. क्रोध; २. नोक-झोंक
खुब—खूब
खुबे—बहुत ही
खुमचल—झगड़ा होना
खुमार—कमर
खुमारी—रातभर जागने की थकावट
खुरकल—खुरकना, खुरखुर करना
खुरकुचन—खुरचनी
खुरचल—खुरचना
खुरचाली—दुष्ट
खुरपिआइल—खुर्पी से साफ भरना
खुरफात—शरारत

खुरसी—कुरसी
खुरि—खुर
खुरिआइल—गर्भ से खुर का निकलना
खुरिहारल—खुरचना
खुलचाली—शरारती
खुलाइल—खोलने का प्रबन्ध करना
खुलासा—स्पष्ट, खुला, साफ
खुवाड़, खुवार—१. आवारा पशु को बन्द करने का बेड़ा; २. गन्दे खरों का समूह
खुसकी—परेथन
खुसफइल—स्वास्थ्य प्रद, प्रफुल्ल
खुसुर-पुसुर—काना फूसी
खूंख—खाली
खूंय—दोष
खूझा—उलझा हुआ लच्छा
खूसट—१. बेकार; २. एक पक्षी
खूहा—जोन्हरी की बाल का ऊपरी भाग
खेंड़ी—बच्चादानी
खेंढ़ा—वर्णन
खेंसड़ा—एक रोग
खेइल—खेना
खेखरि, खेखरी—लोमड़ी
खेखसा—एक तरकारी
खेखार—मुंह से निकला हुआ लुआब
खेढ़ा—१. वर्णन; २. नाली
खेढ़ी—पशुओं के बच्चा पैदा होने के बाद निकली हुई मूत्र की थैली
खेति—खेती
खेदल—निकालना
खेदाइल—निकाला जाना
खेदा-खेदी—पीछा
खेपल—निबाहना
खेपाइल—निभ जाना
खेपावल—निभाना
खेरा—कटोरा
खेलल—खेलना
खेलवइया—खेलने वाला
खेलवाड़ी—विनोदी
खेला—दिखावा, तमाशा
खेलाड़—खेलाड़ी
खेलाफ—खिलाफ
खेलावल—खेलाना
खेलि—खेल
खेवट-खतियान—खेत के कागजात
खेवा—नाव का किराया
खेवाई—खेने का काम या मजदूरी
खेवा-खरचा—खर्च इत्यादि
खेसारी—१. पटवारी; २. एक दाल
खेसि—मोटी चादर
खोंइछा, खोंएचा—आंचल
खोंइछाइल—रुपया आँचल में देना
खोंखर—भीतर खोखला
खोंखल—खांसना
खोंखी—खाँसी
खोंच—कपड़े का अड़कर फटना
खोंचल—किसी को कोंच देना
खोंचा—पेट में दर्द
खोंटल—तोड़ना, कुतरना
खोंढ़ा—जिसका एक दाँत टूट गया हो
खोंढ़िला—कोटर

खोंता—घोंसला
खोंपा—१. भूसा रखने का स्थान; २. छल्ला
खोअल—खोना
खोइआ—१. रस निकलने के बाद गन्ने का अवशिष्ट; २. आम की खटाई
खोइल—खोना
खोखा—कागज का डिब्बा
खोङ—धार का टेढ़मेड़
खोंढ़ा—डिब्बा
खोजल—खोजना
खोजवा—नपुंसक, हिजड़ा
खोजाई—ढुँढ़वाई, खोजने की कार्यवाही
खोजी—शौकीन
खोट—शरारती
खोटल—लोहे को पीटकर पतला करना
खोड़वाइल—गड्ढा पड़ना
खोतवा, खोता—घोंसला
खोदल—खोदना
खोदाइल—खुदाना
खोनल—खोदना
खोदाह—खुदा, अल्लाह
खोनस—अप्रिय
खोनसाइल—अप्रिय लगना
खोनावल—खुदाना
खोन्हा—अनाज के लिए मिट्टी का बर्तन
खोपड़-भंजन—सर फोड़ने की क्रिया
खोबार, खोभार—गन्दगी
खोभ—गन्दा
खोभल—चुभना
खोभसना—कटु व्यंग्य
खोभसल—कोचना, चुभाना, कोसना
खोभिया—लाई
खोम—कौम
खोरनाठ—जली हुई लकड़ी; एक गाली
खोरनी—आग जलाने में सहायता वाली लकड़ी
खोरवट—संदेह
खोरांट—पुराना
खोरा—कटोरा
खोरिया, खोरी—१. कटोरिया; २. गाली
खोरिस—खरचा
खोरी—गली-कूचा
खोल—१. मोटी चादर; २. छेद
खोलराई—छिलका
खोलल—खोलना
खोह—नदी द्वारा बरबाद जमीन
खौकल—जोर से बोलना
खौखियाइल—घबड़ाना
खौफिया—गुप्तचर
खौर—१. मत्थे पर लगाई जाने वाली राख; २. एक गहना
खौरहा—खुजली वाला
खौरा—खुजली
खौलल—खोलना
खौहार—झंझट

खंजर, खंड, खंडन, खड़हर, खंभा, खइरात, खइरियत, खखार, खच्चर,

ख़जनची, खजाना, खजूर, खटका, खटपट, खटमल, खटरस, खटराग, खटाई, खटिया, खटोला, खट्टा, खड़जंतर, खड़ाऊँ, खत, खतम, खतरा, खता (कसूर), खतिऔनी, खद्दर, खनसामा, खप्पर, खबर, खबरदार, खबरदारी, खमीर, खमीरा, खमोस, खयर/खैर, खयरियत, खरखराहट, खरगोस, खरच, खरचा, खरब, खरबूजा, खरल, खरहरा, खरांटा, खराद, खराबी, खरीता, खरीफ, खलभली, खलल, खलास, खलासी, खलिहान, खनो, खस, खसखस, खसता, खसम, खसरा, खांड़, खाँ साहेब, खाँसी, खाऊ, खाक, खाका, खाजा, खाट, खाता, खातिरदारी, खादर, खादी, खानदान, खानदानी, खानपान, खानसामा, खाना, खानातवाहो, खानापुरी, खामखाह, खामोस, खार, खारिज, खाल (चमड़ा), खाला (बुआ), खाली, खासमहल, खासियत, खाहिस, खिचड़ी, खिजाब, खिड़की, खिदमत, किरकी, खिलखिलाहट, खिलाफ, खिल्ली, खीर, खीरा, खुआब/ख्वाब, खुद, खुदरा, खुदा, खुफिया, खुबसूरत, खुर, खुरचन, खुरचनी, खुरपा, खुरमा, खुराक, खुलमखुल्ला, खुस, खुसखबरी, खुसदिल, खुसहाल, खुसामद, खुसामदी, खुस्की, खूंटा, खूंटी, खून, खूनी, खूब, खूबसूरत, खूबी, खेत, खेत-बारी, खेती-बारी, खेर, खेल, खेलवना/खिलौना, खेलवाड़, खेवट (पटवारी का), खैनी, खैर, खैर-सलाह, खोआ, खोज, खोद-खाद, खोदाई, खोनचा, खोपड़ी, खोपरा, खोया, खोराक, खोवा/खोया, खोह, खौफ।

ग

गंउजा—खिचड़ी

गंगा-जमुनी—१. मृत्यु के तेरह दिन बाद जो कार्य होता है उसमें ये दो नदियाँ बनाई जाती हैं; २. सोना-चाँदी मिली हुई

गंजनी—एक घास विशेष

गंजवाइल—इकट्ठा करना

गंजहो चिलिम—वह वस्तु जिसमें किसी प्रकार का भेद-भाव न हो

गंजी—१. शकरकन्द; २. वनियाइन

गंजेड़ी यार—मतलब का यार

गंजेआ—गाजने वाला

गंठा—प्याज का मोटा डंठल

गंठिआवल—बाँधना

गंड—मल त्यागने का स्थान

गंड़यइला—आधे पांव का पैंट, निकर

गंड़ा—१. राशि; २. तौल

गंडि-पेलई—दूसरे की बात न मानने की आदत

गंड़ुआ—भ्रष्ट पुरुष

गंड़ुर—गरुड़

गंधाइल—बदबू करना

गंव—१. दाव, घात; २. मतलब
गंव से—चुपके से
गंवचरना—गांव से भगाया हुआ
गंवछड़ना—गांव छोड़ने वाला
गंवरऊ—गँवारों का
गंवाइल—खो देना
गंवारि—मूर्ख
गंवावल—व्यतीत करना, गंवाना
गंसनहर—कसने वाला
गंसाइल—कसकर बांधने वाला
गंहकी—ग्राहक
गइआ—गाय
गइर—अन्य
गइल-घर—गिरा हुआ, नीच
गइल—१. जाना; २. नष्ट हो जाना
गइला—गली कूचा
गइल-बीतल—रद्दी
गउंज—गूंज
गउंजल—गूंजना
गउचरहा—गोचर भूमि
गउधुलिया—गोधूली बेला
गउरा—पार्वती
गऊंआइल—घबड़ाना
गऊ—१. नग; २. गाय; ३. नेक
गऊघात—गोहत्या
गऊर—विचार
गगन—स्वर्ग
गचकल—आराम से खाना
गचक्का—आराम का भोजन
गचागच—खूब

गछिया—वृक्ष
गजन—तकलीफ
गजपता—एक मोटा धान
गजबांका—अंकुश
गजरा—१. गाजर; २. फूलों की माला
गजराहा—गाजर वाला
गजला—माला
गझिन—पास-पास
गटई—गर्दन, गला
गटकल—जल्दी-जल्दी खाना, निगलना
गटकौअलि—गटने की आदत
गटरगटर—पानी पीने का शब्द
गट्टगट्ट—बड़े कौर करके खाना
गठनि—बनावट
गठल—ठीक होना
गठा—चुस्त
गठाइल—गांठ लगाना
गठिआवल—गांठ में बांधना
गठिबन्हन—गठ बन्धन
गठिवावल—गांठ बंधवाना
गठिहा—गांठ वाला
गड़गड़ा—हुक्का
गड़गड़ाइल—गड़-गड़ की आवाज होना
गड़ड़गड़ड़—गरर-गरर की आवाज
गड़ड़िया—गडरिया
गड़पल—हड़प लेना
गड़बजई—शरारत
गड़बड़ाइल—गड़बड़ी होना
गड़बड़ीहट—गड़बड़ी
गड़मरई—व्यभिचार
गड़र—गरुड़

गड़रबड़र—अव्यवस्थित, गड़बड़
गड़रा—लकड़ी का पहिया
गड़ल—गड़ना
गड़वा—गड्ढा
गड़वाइल—गड़ाना
गड़वावल—गड़वा देना
गड़सा—घास काटने का गँडासा
गड़हा—गड्ढा
गड़हिया—छोटा गड़हा
गड़ारी—कुएं की गरारी
गड़ावल—गड़ाना
गड़ास—चारा काटने का औजार
गड़ितरा—बच्चों के चूतड़ के नीचे रखने का कपड़ा
गड़िबजई—शरारत
गड़ुआई—गँड़ुआ होने का भाव
गड़ुघरा—नंगा
गड़ुर—गरुड़
गड़ेरिया, गड़ेरी—गडरिया
गड़ोरल—घूरना, एकटक देखना
गड़ोरी—एक टक
गढ़ई—गड्ढा
गढ़नि—बनावट
गढ़ल—१. गढ़ना; २. पीटना
गढ़ावल—बनवाना, गढ़वाना
गढ़ुआइल—बोझ से दबना
गढ़ू—वजनदार
गतर—शरीर
गतर-गतर—अंग-अंग
गतागम—कुछ भी पता नहीं
गतान, गतार—१. बोझ बाँधने की रस्सी; २. शरीर
गते-गते—धीरे-धीरे
गतेसे—चुपचाप
गद—पीड़ा, भारीपन
गतका—१. गतका; २. बड़ी लड़की या पुत्रवधू
गदबेर—गोधूलि बेला
गदरा—१. बालों में दाना (पड़ना); २. कच्चा धान
गदराइल—अधपका होना
गदहपचीसी—१६ से २५ वर्ष की अवस्था जिसमें मनुष्य को अनुभव कम रहता है
गदहपूरना—एक घास
गदहबेरि—गोधूली बेला
गदहरोइयां—गदहे की तरह बालवाला
गदहवा, गदहा—गधा
गदहिल—भारी
गदही—१. गधी; २. एक फसली कीड़ा
गदागद्द—जल्दी-जल्दी
गदेलवा—छोटा बच्चा
गदेहा—गद्दा
गदोरी, गदोली—हथेली
गधबेरा—गोधूली बेला
गनगनाइल—काँपना, शरीर का रोमांचित होना
गनजनि—तकलीफ
गनती—गणना
गनल—गिनना
गन्दकी—गन्दगी

गन्हकी—गंधक
गन्हाउर—भेड़ों से खेत को रौंदाने की क्रिया
गपकल—जल्दी से खा जाना
गपड़चौथ—शोर-गुल
गपस—घने रूप में बिना हुआ, गफ
गपसल—घने रूप में बुना होना
गपोलिया—गप्पी, गपोड़ी
गपोली—व्यर्थ की बात
गप्फा—ग्रास
गबगब—जल्दी-जल्दी
गबरगबर—जल्दी-जल्दी
गभडेढ़ा—हमल, गर्भ
गभिनाइल—गर्भवती होना
गभिनावल—गर्भिणी बनाना
गभिनिया—जिसके पेट में बच्चा हो
गभुरई—मुंह फुलाने की क्रिया
गभुराइल—मुंह फूलना
गम—चिन्ता
गमकतिया—गमक, महक
गमकल—गमकना, महकना
गमकावल—महकाना
गमकौले—सुगंधित
गमगहटि—खुशबू, सुगंध
गमछा—अंगोछा
गमावल—गंवाना
गमेक—पता
गम्हारि—वृक्ष विशेष
गयतल—समाप्त
गयर—गैर, दूसरा
गयरिया—चरवाही
गयल—गया
गयावाल—गया का पंडा
गर—गला
गरगज—फूला हुआ
गरगटे—पूर्ण
गरगराइल—१. जोर से बोलना; २. बारिश होना
गरचेत—अगरचे
गरजल—गर्जन करना
गरजेला—गर्जना
गरतान—सूत, डोरा
गरदनि—गर्दन
गरदनियावल—गला पकड़कर झटकना
गरदबवा—गला दबाने वाला
गरब, गरभ—१. गर्व, घमंड; २. गर्भ
गरमाइल—१. गर्म करना; २. क्रुद्ध होना
गरमायल—गर्म होना
गरमावल—गुस्सा दिखाना
गरमिहा—क्रोध करने वाला
गरवा—पानी में डालकर घुलाई गई मिट्टी
गरहन, गरहनवा—ग्रहण
गरहाजिर—अनुपस्थित
गरिआइल—गाली देना
गरिब—गरीब
गरिबता—गरीबी
गरियाइल—गाली देना
गरियार—कामचोर
गरियो—पैंजनी
गरिला—घड़ा

गरू—भारी
गरुआइल—वजन बढ़ना
गरुक्का—भारी
गरुवा—बड़ा
गरूह—भारी
गर्दनिआवल—गर्दन पकड़कर निकालना
गर्मस—गर्मी
गलइचा—गलीचा
गलगलाइल—रोते-रोते बातें करना
गलचउर—व्यर्थ की बात
गलचुम्मा—चुम्बन
गलतंस—निःसंतान पुरुष
गलफर—१. गाल के भीतर का भाग; २. एक रोग
गलफुलना—१. जिसका गला फूला हो; २. रुष्ट व्यक्ति
गलबल—कोलाहल
गलमुछिया—लंबी मूंछ वाला
गलल—१. गलना; २. चुराना
गलवा—गाल
गलसटकन—व्यर्थ की गप्प
गलसुआ—गले के नीचे की सूजन
गलही—१. गला; २. नाव की पिछाड़ी
गलहू—गाल
गलाकटई—गला काटना
गलावल—गलाना
गलिआइल—एकत्रित करना
गलिया—गली
गलीज—कीचड़
गलुक्का—छोटा गाल
गवँ—धीरे से
गवँरई—सीधापन
गवँरऊ—गांव का
गवईं—देहात
गवन—गमन, गौना
गवनई—गाना
गवनहरि—गाने वाली
गवर—जल्दी-जल्दी
गवरइया—गौरैया
गवला—गाना गाना
गवाहीदार—साक्षी
गवेगवे—धीरे-धीरे
गहक, गहकावल—पूर्ण उत्कर्ष पर होना
गहकी—गाहक
गहगड्डा—जोर की वर्षा
गहगह—१. प्रसन्न; २. चमकीला
गहगहाइल—पौधों का लहलराना
गहना-बोहना—आभूषण वगैरह
गहबर—दुर्गम, विषम
गहल—पकड़ लेना
गहाइल—पकड़ाना
गहिड़, गहीड़—गहरा
गहुअन—सांप विशेष
गहुवा—१. अधिक; २. सँड़सी
गहुम—लाल ज्वार
गहूँ—गेहूँ
गहूँम—गेहूँ
गांउज-गाँउज—सम्मिश्रण
गांछ, गाँछि—वृक्ष
गांज—ढेर
गांजिल—गांजना, एकत्र करना

गांजा—गांजा-भांग
गांठकोबी—गांठगोभी
गांठल—गांठना
गांड़, गांड़ि—गुदा, गांड
गांड़ल—गाड़ना
गांड़ास—चारा काटने का गंडासा
गांड़—एक गाली
गांड़ेरी—गंडेरी
गांती—सिर तथा शरीर ढकने के लिए कपड़ा बांधना
गांथल—१. गूंथना; २. पहनना; ३. जोड़ना
गांथी—१. गुन्थन; २. वर्णन
गांवचड़ना—गाँव से भागा हुआ
गांसल—खूब कस कर बांधना
गांहक—ग्राहक
गाइओली—गायों की तरफ
गागरनींबू—चकोतरा
गाङ—खेल के दो दलों में से एक
गाछी—वृक्ष
गाज—१. फेन, झाग; २. साझा
गाजल—१. ताना मारना; २. भरना; ३. इकट्ठा करना; ४. प्रसन्न होना
गाजा—१. घर का कोना; २. मछली वालों की टोकरी
गाजाओबर—अंधेरा घर
गाट—गार्ड
गाटर—लोहे का गार्डर
गाटा—१. कलाई; २. दुष्ट, चालाक
गाठरी—पोटली
गाड़—गढ़
गाड़ल—गाड़ना
गाढ़—१. गाढ़ा; २. देशी कपड़ा
गाढ़सकेत—मौका-बे-मौका
गादह—शोर
गादा—१. गद्दा; २. गदा
गादी—गद्दी
गादुर—चमगीदड़
गादे—शोर-गुल, हल्ला
गानवां—गाना
गान्ही—दुखदाई
गाभ—गाभिन
गार—मुसीबत
गारल—निचोड़ना
गारा-गारी—गाली-गलौज
गारा-गोंग—१. मार-पीट; २. शोरगुल
गारि-गारि—चूस-चूस कर
गारी-गंजन—गाली आदि
गारी-गरउंज—गाली-गलौज
गारि/गारी फजीहत—गाली-गलौज
गारी-गुप्ता—गाली-गलौज
गाल-गूल—व्यर्थ बात, अनाप-शनाप
गाला—१. गल्ला; २. रूई का ढेर
गालू—झूठा, गप्पी
गावल—गाना
गावारि—गंवारिन
गासा—अंगुली का हथेली से जोड़
गाहागहि—प्रकाशित
गाहाविल—गढ़ाना
गाही—पाँच की ढेरी
गिजना—गींजने वाला, मलने वाला
गिजवाइल—गिजवाना, मलवाना

गिजाइल—भीजी हुई वस्तु
गिजबिज—कचरा
गिजिर-बिजिर—कचरा
गिड़गिड़ाइल—गिड़गिड़ाना
गिड़ोरल—आँख दिखाना, क्रोध करना
गिटिर-पिटिर—अंग-प्रत्यंग
गितिया—गीत, गीति
गितिहा—गीत गाने वाला
गिद्धवा—गीध
गिनगिनाइल—गिनगिनाना
गिनल—गिनना
गिनावल—गिनाना
गिरई—एक मछली विशेष
गिरथिन—गृहिणी, गृहस्थी वाली
गिरल—गिरना
गिरह—दौड़कर ऐसी उछाल करना
कि पैर ऊपर हो जाय
गिरहत, गिरहथ—गृहस्थ
गिरहती, गिरहथी—गृहस्थी
गिरहिया—गिरह मारने वाला
गिरावल—गिराना
गिरिही—बन्धक, गिरवी
गिरेह—गाँठ
गिलगिला—रोते हुए बोलना
गिलावा—गीली मिट्टी
गिहियापन—चतुरता
गिहिथिनि—गृह कार्य में निपुण
गीं-गीं—गीं-गीं करके रोना
गींजल—हाथ से मलना
गीन-गीन—गिन-गिन कर
गीनी—गिन्नी
गीरल—गिरना
गीरिह—ग्रह
गील—गीला
गुंजहया—हाथ में पहिनने का गहना
गुंजावल—गुंजार करना
गुआ—गोठा
गुच्छी—एक गहना
गुजगुज—नरम
गुजरल—बीतना
गुजरिया—नायिका
गुजारल—गुजारना
गुझी—एक तरकारी
गुझिया—एक मिठाई
गुटर-गुटर—धीरे-धीरे
गुटियावल—लपेटना
गुड़-गोंइठा—खराब
गुड़हरा—पैर का गहना
गुड़वा-गुड़िया—गुड्डा-गुड़िया
गुड़ेड़-गुड़ेड़—तरेर-तरेर (देखना)
गुदरावल—गुदगुदी करना
गुदा—एक तरल पदार्थ
गुदुराइल—हँसाने के लिए गुदराना
गुदुरी—मटर की कच्ची दाल
गुद्दा—१. माँस; २. छिलके के भीतर
का भाग
गुद्दी—चिड़िया विशेष
गुनगुनाइल—धीरे-धीरे बोलना
गुनल—विचारना
गुनल-मंथल—सीखना और अभ्यास
करना
गुनावनि—विचारणीय वस्तु

गुने—१. कई गुना; गुण से
गुबुर गुबुर--जल्दी-जल्दी
गुमजल—गूंजना
गुमसल--हुम्मस
गुमेंटल—बांधना
गुरअम्मा—गुड़ में पकाया हुआ आम
गुरखुल—कांटा लगने पर पका
गुरगुरइहें—दुखी आवाज से भनभनाने का ढंग
गुरगेंठना--बहरा
गुरदेलिया—धनुष, धनुही
गुरनइल—गुर्राना
गुरमाटी—अच्छी-बुरी
गुरमेटल—गुमेटना, बांधना
गुरहयल--गुरहथी करना
गुरहथी--वह संस्कार जब विवाह में बड़ा भाई कन्या को गहने आदि देता है
गुरहा—गुड़ वाला
गुरहिआह—धूर्त
गुरिया—बच्चों के खेलने की वस्तु
गुरिये-गुरिये—एक-एक हिस्सा
गुरुआइन—गुरु की स्त्री
गुरेरल—आंख दिखाना
गुर्राइल—गुर्राना
गुलउरि--ईख का रस पकाने का स्थान
गुलगुला—पकौड़ी आदि
गुलजार—चहल-पहल
गुलजारी—सुन्दर
गुलरी--गूलर
गुलाबछड़ी—केवल चीनी की एक मिठाई
गुलकन—गुलकन्द
गुलेटल—लपेटना
गुल्ला—गन्ने का वह टुकड़ा जो एक बार में खाया जाये
गुसइल, गुसिआह—गुस्से वाला
गुसाइल, गुसियाइल—क्रोध करना
गुहराइल—बुलाना
गुहल—गुंथना
गुहार—पुकार
गुहावल—गुंथवाना
गूंग—गूंगा
गूंगी—गूंगापन
गूंजल—गूंजना
गूंथल—गूंथना
गूंधल—गूंधना
गूड़—गुड़
गूदरी—गुदड़ी
गूम—गबन
गूलल—सिलना
गेंग—झगड़ा
गेंगें—रोते समय गें-गें करना
गेंठरिया—गठरी
गेंठिआवल—गांठ लगाना
गेंठी—गांठ
गेंड़—ईख के ऊपर का हिस्सा
गेंड़ी—ईख का छोटा सा भाग
गेंड़ुअवा—बड़ा जल-पात्र
गेंडुआ—लोटा
गेंडुरि मारल—सांप का कुंडली मार कर बैठना

गेड़ायल—सीमा बांधना
गेडुली—सर पर बोझ रखने का कपड़ा
गेंदवन, गेना—गेंदा
गेरुआ—एक रोग विशेष
गेहनेह—घर-द्वार
गेहुँअन—एक प्रकार का सांप
गेहुम—गेहूँ
गैया—गाय
गोंइठा—उपला, कंडा
गोंइठा-मसाला—खाना बनाने का सामान
गोंइड़ा—१. नजदीक, पास; २. सीमा
गोंइया—साथी
गोंछ—मूंछ
गोंजल—खाना
गोंजी—झाड़ी या धान की खूंटी
गो—दुविधा
गोअल-गोअले—रहस्यमय
गोई—सखी
गोइंठा—कंडा, उपला
गोइंया—सखी
गोईल—गया
गोउसाल—गोशाला
गोगुल—गोकुल
गोचना—गेहूँ और चना
गोजई—गेहूं और जौ का मिश्रण
गोजर, गोजरवा—कीड़ा विशेष
गोजी—लाठी
गोझनवटा—रोटी जैसा एक भोजन
गोझा—एक भोजन का नाम
गोझिया—पकवान
गोट—ठोस
गोटाइल—अनाज पकना
गोटापाटा—गोटा इत्यादि
गोटी—मिट्टी के गोले से औरतों का खेल
गोड़—पाँव
गोड़इत—चौकीदार
गोड़गर—पैर वाला
गोड़थारी—पायताने
गोड़धरिया—चरण-स्पर्श
गोड़ल—गोड़ना, खोदना
गोड़वा—पैर
गोड़हरा—पैर का एक गहना
गोड़ा—बर्तन के नीचे का भाग
गोड़ी—१. पैर; २. जनी
गोड़े गिरल—पैर पर गिरना
गोत—गोत्र
गोतिनि, गोतीनि—दायादिन
गोतिया—गोती, सगोत्र
गोदल—गोदना
गोदा—पीपल या बरगद का फल
गोदा-गोदी—मारपीट
गोदावल—सूई या टीका लगवाना
गोदिया—गोद
गोदी-गोदी—लड़ाई
गोधना—एक त्योहार
गोनतारी—चारपाई का पायँता
गोनरा, गोनरी—लम्बी चटाई
गोनिया—१. पटवारी की पटरी; २. नाव की रस्सी
गोप—गले का एक आभूषण
गोपला—गोपाल

गोफा—१. गुफा; २. नया पत्ता, कोंपल
गोबरउटा—गुबरैला
गोवरसांघ—अधिक दिन की इकट्ठी की हुई गोबर की ढेरी
गोबरही—गोबर वाली
गोबिन—पुत्र
गोमना—पानी का पता लगाने का एक यंत्र
गोमल—कोंचना
गोमी—जल में उत्पन्न होने वाली घास
गोयंड़—गांव के निकट का भाग
गोर—गोरा
गोरड़ी—गोरी
गोरवा—अंग्रेज
गोराइल—गोरा होना
गोराहट—गोरापन
गोरिया—नवयुवती
गोरिल्ला—नेपाली या गोरखा सेना
गोरू—पशु
गोरू-बछरू—मवेशी
गोल—दल
गोलका—गोला
गोल-मठोल—१. गोल; २. धोखा देने वाला
गोलम्मर—गोलाकार
गोला—१. कारखाना; २. मंडी
गोला-गोली—कुछ-कुछ लाल
गोला-पाटी—कारखाना आदि
गोलि—गिरोह, दल
गोली—लाल रंग की (गाय)
गोसइयाँ, गोसयाँ—पति, मालिक
गोसल—आबदस्त
गोहन, गोहना—गोंद
गोहरा—कंडा, उपला
गोहराइल—बुलाना
गोहान—गांव के पास की भूमि
गोहारि—आवाज, पुकार
गोहिया—भार का चिह्न
गोहुंअन—एक साँप
गोहुंआ, गोहूं—गेहूं
गोहुआ—पिंडली
गोन—१. गमन; २. गौना

गंगबरार, गंगाजली, गंगालाभ, गंज, गंजेड़ी, गंदगी, गंदला, गंदा, गंध, गंधक, गउगरास, गउघाती, गउदान, गउबध, गउहत्या, गऊ/गाय, गगरी, गच, गज, गजक, गजट, गजब, गजर, गजरा, गजल, गट्ठा, गट्ठर, गठरी, गठोला, गड़गड़ाहट, गड़बड़, गड़बड़ी, गड़वा, गड़हा, गड़ुआ, गड्ढा, गढ़, गढ़वाई, गढ़ाई, गढ़ी, गति, गदगद, गदर, गदा, गद्दा, गनपति, गन्ना, गनेस, गपास्टक, गप्प, गफलत, गबन, गभरू, गम, गमक, गमखोर, गमला, गमी, गरथ, गरज, गरदा, गरभ, गरम, गरमागरम, गरमागरमी, गरमी, गराम सुधार, गरास, गरीब, गरीब नेवाज, गरीब-परिवर, गरीबी, गरुड़, गलत, गलती,

गलबाहीं, गला, गलाकट, गलानि, गलियारा, गली, गलीचा, गल्ला, गवइया, गवना/गौना, गवाँर, गवाँरू, गवाला, गवाह, गवाही, गस (गश), गस्त, गहना, गांउ, गांजा, गाँठ, गाँव, गाइवी, गाजर, गाजी, गाड़ी, गात, गाथा, गाना, गाफिल, गाभिन, गाय, गारद, गारा, गाल, गाहक, गिआन, गिटपिट, गिट्टी, गिनती, गिन्नी, गिरगिट, गिरमिट, गिरह, गिरहस्थ, गिरहस्थी, गिलट, गिलटी, गिलाम, गिलाफ, गिलौरी, गीत, गीध, गुंडई, गुंडा, गुआला(ग्वाला), गुच्छा, गुच्छेदार, गुजर, गुजर-बसर, गुजरान, गुजारा, गुट, गुटुका, गुड़, गुड़गुड़, गुड़गुड़ी, गुड़िया, गुड़ी (पतंग), गुत्थी, गुदगुदाहट, गुदगुदी, गुदना, गुदरी/गुदड़ी, गुन, गुनजाइस, गुनवान, गुनहगार, गुनाह, गुनियाँ, गुनी, गुपचुप, गुपत (गुप्त), गुबारा, गुम, गुमनाम, गुमसुम, गुमान, गुमानी, गुमास्ता, गुर/गुड़, गुरू, गुरुआई, गुरूघंटाल, गुरू-भाई, गुलछरा, गुलगपाड़ा, गुलाबजामुन, गुलाबी, गुलाम, गुलामी, गुलाल, गुलुबंद, गुलेल, गुल्ली-डंडा, गुस्सा, गूढ़, गूदरी/गूदड़ी, गूलर, गूह, गेरुआ, गेरू, गेहुँआ, गैर, गैर मोनासिब, गैस, गोटा, गोदाम, गोबर, गोरखधंधा, गोरस, गोरा, गोरी, गोल, गोलक, गोलमाल, गोला, गोली, गोवाला (ग्वाला), गोसलखाना, गोसाईं, गोस्त, गोह, गौरी, गौरैया ।

घ

घंघोरल—घंघोलना

घंघोटल—डपटना, गुस्से में जवाब देना

घंट—मृत्यु के बाद पीपल पर बंधा घड़ा

घंट फोरवा—घंट फोड़ने वाला, महा-ब्राह्मण

घंसल—१. घिसना; २. लगाना

घइया—घाव

घइला, घइलिया—घड़ा

घइहल—चोट लगा हुआ

घउकल—डाँटना

घउंचिआइल—डपटना

घउलर—मोटा

घउवा—घाव, चोट

घघचल—बढ़बढ़ कर बोलना

घघरा—लम्बा चौड़ा

घघोटल—गुर्राना

घचर-घचर—एक-एक करके

घचाघच—खचाखच, ठसाठस

घचोल—दुष्ट

घटर-घटर—गटर-गटर

घटल—कम होना

घटवार—घाट वाला

घटाव—अवनति

घटावल—घटाना

घटिआही—पर-स्त्री संभोग
घटिहन—सस्ता रूखा अनाज
घटिहा—बदमाश, व्यभिचारी
घटिया—घाट
घट्टा—नुकसान
घट्ठा—आदत
घड़घड़ाइल—घड़घड़ाना
घड़र-घड़र—घड़र-घड़र का शब्द
घनघनाहट—बादल गरजने का शब्द
घपकल—खाना
घपचिआइल—घबड़ाना
घबड़ाइल—घबड़ाना
घम—धम से (गिरना)
घमकल—तेज आवाज आना
घमघम—जल्दी-जल्दी
घमछाहीं—धूप-छाँह का मौसम
घमसल—घोर धूप होना
घमा—पसीना आना
घमाघम—जोर से
घमाइल—धूप में डालना
घमउनी—धूप में बैठने की क्रिया
घमवा-बतसवा—१. धूप-हवा; २. किसी प्रकार का कष्ट
घम्मर-घम्मर—जोर-जोर से
घरइला-घरेलू
घरऊ—घर की तरह
घरतिहा—कन्या पक्ष से संबंधित
घरनी—स्त्री, गृहिणी
घरबारी—१. घर-बार में; २. घर के लोगों की तरह
घरल—रगड़ना
घरबरिया—घर का काम
घरवारू—घरेलू काम
घरसोमार—जनगणना
घराय, घराही—१. घर जैसा व्यवहार; २. घर आना जाना
घरिआ—छोटा सा पत्थर का प्याला
घरिआर, घरियार—घड़िआल
घरिल, घरील—घड़ा
घरे-घूरे—घर आदि में
घलुआ—सौदे के उपरांत सामान मुफ्त में लेना
घवघवा, घवद—गुच्छा, घौद, फलों का झुंड
घवही—एक गाली, तुम्हें चोट पर चोट लगे
घवाहिल—चोट लगा
घसकल—खसकना
घसकाइल—हटाना
घसगाढ़ा—घसियारा
घसर-पसर—यों ही
घसिआ—चारा
घसिकट्टा—घास काटने वाला
घसिहा—घास वाला
घसीटल—घसीटना
घहराइल—घहराना
घांख—१. बातों को न प्रकट करने वाला; २. धूर्त
घांटी—कंठ
घांटो—१. एक विशेष पक्षी; २. चैता गीत
घाटखेवा—घाट का महसूल

घाटि—१. परस्त्री गमन; २. कम
घाठी—दो लाठियों के बीच में गला दबाकर मारने की क्रिया
घात-पांच—दाँव-घात
घानी—१. अनाज का थोड़ा हिस्सा; २. तेल निकालने की चक्की
घाम—१. धूप; २. गर्मी
घामस—गर्म दिन
घार—फलों का बड़ा गुच्छा
घारी—पशुशाला
घालमेल—मेलजोल
घालल—डालना
घावल—घायल
घासि—घास
घाही—१. एक गाली; २. घायल
घिघिआइल—रोना, घिघियाना
घिचवावल—खिचवाना
घिचाइल—खींचना
घिचाव—खिचाव
घिड़िसरी—लकड़ी की आलमारी
घिअहा—घी वाला
घिउ—घी
घिउमलीदा—अच्छा खाना
घिघिआइल—रोना
घिचघिच—खींच-खींच कर
घिनाइल—घृणा करना
घिनावनि, घिनौना—घृणास्पद
घिरनी—गिन्नी
घिरिना—घिरना, घेराव
घिराइल—१. घसीटना; २. घेरना
घिरौना—घरौंदा
घिवही—घी का बना हुआ
घिसटल—घसिटना
घिसनी—बैठ कर चलने की क्रिया
घिसल—घिसना
घिसाव—रगड़
घिसिआवल—घसीटना
घिसिर-घिसिर—धीरे-धीरे
घींच, घींचल—खींचना, घसीटना
घीन—छोटा
घीव—घी
घुंघुर—घुंघरू
घुइरान—घूरने की क्रिया
घुईस—चुप्पा
घुघवा—एक खेल
घुघुआ—उल्लू
घुघुआइल—कुछ सूज आना
घुघुआमान—बच्चों को बहलाने का एक खेल
घुघुर—घुंघरू
घुच्च-घुच्च—बिना किसी असर के
घुटुक—१. एक साँस में; २. जोर से
घुटुकल—हिचकी लेना
घुटुना—घुटना
घुटुनी—कोहनी
घुटुर-घुटुर—धीरे-धीरे
घुड़कल—घुड़कना
घुनघुना—एक खिलौना
घुनवो—घुन, एक कीड़ा
घुमघुम—घूम-घूम
घुमड़ल—उमड़ना
घुमनी—मेला घुमनी

घुमरा—चक्कर
घुमरी—सिर का चक्कर
घुमरी-परैया—एक खेल
घुमावल—घुमाना
घुमुची—१. मूंगा; २. रत्ती
घुरकल—धुड़कना
घुरघुराइल—घुर-घुर शब्द करना
घुरघुरवा—झर-झर करने वाला
घुरचिआह—१. ऐंठ वाला; २. धूर्त
घुरमल—घूमना
घुरमुसाइल—भीतर ही भीतर बुरा मानना
घुरल—लौटना
घुरसारि—भड़भूंजे का घर
घुरवा—कूड़ा करकट का ढेर
घुरहू-कतवारू—तुच्छ से तुच्छ व्यक्ति
घुरावल—घुमाना
घुरुमल—चक्कर काटना
घुरुमी—गरजते हुए
घुरुर-घुरुर—धीरे-धीरे
घुरेसल—घुसेड़ना
घुलल—घुलना
घुसकना—धीरे से चलना
घुसकल—थोड़ा सा हटना
घुसवल—घूंसा मारना
घुसाघुसी—परस्पर घूंसा मारना
घुसरल—घुसना
गुसुर-घुसुर—बार-बार
घुसुर-फुसुर—कानाफूसी करना
घुसेड़ल—घुसेड़ना
घूंचा—दूध दुहने के लिए बर्तन
घूघ—घूंघट
घूघुर—घुंघरू
घूठि—घुटना
घून—घुन, अनाज का कीड़ा
घूमइत—घूमने वाला
घूमल—घूमना
घूमिरिया—चारों ओर घूम-घूम कर
घूर—टकटकी लगाकर (देखना)
घूरघार—नाचीज, तुच्छ
घूस—घूंसा
घेंघ—गले में लटका मांस पिंड
घेंघा—गर्दन
घेंघुआइल—ऐंठने लग जाना
घेंचु—कूबड़ वाला
घेंचू—वृद्ध
घेंटरा—चतुर
घेंटा, घेंटु, घेंटू—गर्दन
घेरल—घेरना
घेरवट—चारों ओर से घेरा
घेरा—बाड़ा
घेवड़ा—हरी तुरई
घोंघा बसंत—मूर्ख
घोंचू—मूर्ख
घोंटल—निगलना
घोंटलमोटल—घोटा हुआ
घोंटू—घोटने वाला
घोंटंत—१. निगलने वाला; २. गला घोटने वाला
घोंठा—गाय-बैल बाँधने का स्थान
घोंपल—गड़ाना, घुसाना, कोंचना

घोंपि-घोंपि—खोभ-खोभकर, गड़ा-गड़ा कर
घोखल—रटना
घोघो—कपड़ा लपेट कर घोघी बनाना
घोघुंआइल—अंग का सूजना
घोटाइल—मिल जाना, घुट जाना
घोड़करइति—घोड़े से भी तेज दौड़ने वाला एक साँप
घोड़परास—नील गाय
घोर—घोल
घोरल—घोलना
घोरियावल—चक्कर काटना
घोरसारी—भाड़
घोलल—घोलना
घोसना—घोषणा
घोसल—ताना मारना

घंटा, घंटी, घट, घड़ा, घड़ी, घड़ियाल, घन, घनचक्कर, घपला, घबराहट, घमंड, घमसान, घर, घरर-घरर, घरवाला, घराना, घरी (घड़ी), घसियारा, घसीट, घाघ, घाट, घाटा, घात, घातक, घाती, घाव, घास, घिघी/घिग्घी, घिचपिच, घिन, घिसाव, घिसाई, घुघुनी घुड़की, घुमंता, घूंट, घूंसा, घूघट/घूंघट, घूमकड़/घुमक्कड़, घूरा, घोंघा, घोड़दवड़, घोड़मुँहा, घोड़सार, घोड़ा।

च

चंगेरी—छोटी टोकरी
चंचरीक—१. चाकलेट; २. भौंरा
चंड—चंचल, बलवान्
चंडोल—पालकी, डोली
चंनन—चंदन
चंपवाइल—चपवाना
चइत, चइतही—चैत्र
चइता—चैत्र का गाना
चइती—चैत्र की फसल
चइला, चइली—लकड़ी का पतला टुकड़ा
चउंक—चौंकने की क्रिया
चउंकल—चौंकना
चउंचिआइल—घबड़ाना, चौंकाना
चउंतिस—३४
चउंपल—पहुँचना
चउआ—पशु, चौपाया
चउआई—चारों ओर से बहने वाली
चउआल सौ—१४०
चउआलिस—चवालिस
चउक, चउका—चौका (पूजा वेदी)
चउक—१. चौगुना; २. चौक बाजार
चउकठ—चौखट
चउकस—१. अच्छा; २. होशियार
चउकिआ—तख्ता
चउके—चौगुना
चउतरा—चबूतरा

चउथारी, चौथी—१. शादी के बाद चौथे दिन की रस्म; २. चौथा भाग
चउथिआ—चौथ
चउथी—चौथा भाग
चउदन्त—चार दाँत वाला
चउदहोत्तर सौ—११४
चउधिरिआना—चौधरीपन
चउनिहार—गजा
चउन्हिआइल—बबढ़ाना
चउपरिया—चौपाल
चउफेर-फेरवट—इधर-उधर की बात
चउबरी—शादी की एक रस्म
चउबिस—२४
चउबीसा सौ—१२४
चउर—स्थान
चउरल—कसकर बांधना
चउरहा—चावल वाला
चउवा-बाँगर—पशु
चउसझा—चार साझे की वस्तु
चउसठि—६४
चउहत्तरि—७४
चऊलि—मजाक
चकइठ—मोटा, हृष्ट-पुष्ट
चकई—घोड़ा
चकचकाइल—१. प्रफुल्लित होना; २. सज्जित होना
चकचिहाइल—इधर-उधर देखना
चकचून—चकनाचूर
चकचोन्ही—चकाचौंध
चकता-दिरोरा—ददोरा
चकरवा—चक्कर, असमंजस, बखेड़ा
चकराइल—चक्कर खाना, सिर घूमना
चकराई—चौड़ाई
चकरित—आश्चर्य में
चकरिहा—चाकरी करने वाला
चकरी, चकिया—१. चक्क; २. नौकरी चाकरी
चकला—टुकड़ा, भाग
चकवड़—एक पौधा
चकवाँड़—चकवन्द
चकाचक—मजा
चकोह—पानी का भँवर
चखल—चखना
चखाचखी—विरोध, बैर
चगड़—चालाक
चगडंबा—चकल्लस, झगड़ा
चगुले—चंगुल
चचरा—बाँस का दरवाजा
चचेजात—चचेरा भाई
चटइयो—चटाई
चटक—१. फुरतीला, तेज; २. स्वादिष्ठ; ३. उजाला
चटकन—चपत
चटक-नटक—चरपरा
चटकल—खटकना
चटकवाही—१. चतुराई; २. जल्दी
चटकार - तेज
चटचट—शीघ्र-शीघ्र
चटनी—१. चटोर स्त्री; २. चटनी
चटर—चटर-पटर (लालायित)
चटाइल—चटाना

चटाचट—लगातार
चटावन—अन्न प्राशन
चट्टी—१. टिकान, पड़ाव; २. स्लीपर
चट्टू—लालची
चट्टे—तुरंत
चठइल—खेखसा, एक तरकारी विशेष
चड़इया—कुएँ की दीवाल गलाने की क्रिया
चढ़बांक—चंट, चतुर
चढ़ल—चढ़ना
चढ़ा-उपरी—लाग-डाट, होड़
चढ़ावल—चढ़ाना
चढ़ावा—दुल्हिन को पहनाया गया गहना
चथरा—टुकड़ा
चथरिआइल—चिथड़ा हो जाना
चनकल—चटकना
चनगा—एक तरह की मछली
चनन, चन्नन—चन्दन
चनरमा, चनवा—चन्द्रमा, चाँद
चनवा, चना—१. चाँद; २. चना
चनसुर—गंजा
चना-इमिरित—चरणामृत
चनारमुख—चन्द्रमुख
चनिया—१. सिर का ऊपरी भाग; २. चाँदी
चनिहा—चाँदी वाला
चनुला—गंजा
चन्नर—चन्द्र
चपकन—सटने की क्रिया
चपकल—१. सटना; २. आलिंगन करना
चपकावल—सटाना, चिपकाना
चपचपकाइल—चिपचिपाना
चपट—चपटा
चपटल—चिपटना, आलिंगन करना
चपतल—तह लगा हुआ
चपतियाइल—चपत मारना
चपर-चपर—मुँह चलाते समय दोनों होठों का शब्द
चपरल—१. चुपड़ना; २. परस्पर मिलना; ३. दबाना
चपेट—१. झोंका; २. रगड़; ३. अघात
चप्प—अकस्मात्
चप्पा—टुकड़ा
चफनावल—लपेटना
चबइनी—१. एक गाली; २. चबाने वाली
चबड़िआइल—थप्पड़ से मारना
चबड़ि चबड़ि—१. बकबक; २. इधर-उधर की बात
चबाइल—चबाना
चबुआइल—डाँटना
चबुरी—क्रोध की मुद्रा
चबोल—मजाक
चमका—घोंटा
चमावल—चबवाना
चमिया—चाभी, कुंजी
चमोरल—१. भलीभाँति भिगो देना; २. पानी में गिरने की आवाज
चमइनिहा—चमारिन रखने वाला
चमईन—चमार की औरत
चमकन—शौकीन

चमकल—चमकना
चमकावल—१.झलकाना; २. चिढ़ाना; ३. मटकाना
चमटोली—चमारों की बस्ती
चमन—साफ-सुथरा
चमरई—नीचता
चमरउटी—चमारों की वस्ती
चमरउधा—चमारों वाला जूता
चमरऊ—चमारों वाला
चमरकट—एक गाली
चमरटोला—चमारों का मोहल्ला
चमरपन—चमारों का सा व्यवहार
चमर बेली—एक प्रकार का बेला पुष्प
चमरवा, चमरा—चमार
चमवा—चमड़ा
चमसुर—एक पौधा
चमेटा—चटका
चमैनी—चमारिन
चरक--एक विशेष रोग
चरकट—चोर
चरकहा—चरक रोग वाला
चरका—तोड़ने में धक्का देना
चरचवेनी—एक गाली
चरचराइल—टूटना
चरफर—तेज
चरबांक—चालाक
चरबियावल—मोटा हो जाना
चरमर,चरमराहट—एक प्रकार की आवाज
चरल—चरना
चरहा—घास का मैदान
चराइल—चराना
चरावल—चरवाना
चरी—एक अनाज पशुओं के लिए
चरुवाई—बड़ा घड़ा
चरे-चोथे—चरना और उखाड़ना
चलइआ—चलाने वाला
चलउँसी—अन्न का छिलका
चलकई—चालाकी
चलचलि—चलने को तैयार
चलता—निभाने वाला
चलती—१. समय; २. तरीका, ढंग
चलबजिया—चालबाजी
चलबला—चंचल
चलबाँधर—चालाक
चलल—चलना
चलवनिहार—चलाने वाला
चलांक, चल्हांक—चालाक
चलांकी—चालाकी
चलाई—चालने की क्रिया
चलाऊ—चलने योग्य
चलावल—चलाना
चलावा—निमत्रण
चलीचला—चलाचली
चलौनी—दाना भूनने की लकड़ियों का मुट्ठा
चवँसठि—६४, चौंसठ
चल्हावा—एक मछली विशेष
चवकसई—चौकसी
चवफार—चौफेर
चवरंगी—कई रंग का

चवराई—चौलाई, एक साग
चसकल—चसका लगना
चहँटल—फिसलना
चहँटा—मिट्टी का गीलापन
चह—लकड़ी से तैयार किया गया पुल
चहक—चमकीला रंग
चहकदार—शानदार, भड़कीला
चहकल—१. चहकना; २. खूब बातें करना
चहचहाइल—चिड़ियों की बोली
चहना—लालसा
चहबोत—खजाना
चहला—गहरा कीचड़
चहले—चाटे
चहुपल—पहुँचना, आना
चहुपाइल—पहुँचाना
चहेटल—पीछा करना
चाँई—दुष्ट
चाँगा—चगा, हृष्ट-पुष्ट
चाँचर—चचेर, चंचल
चाँचरि—एक उत्सव
चाँछ—फावड़े आदि से जमीन को बराबर करना
चाँढ़—लकड़ी का मचान
चाँप—दबाव
चाँही—चाहिए
चाउर—चावल
चाउर-गुर—चावल-गुड़
चाकर—चौड़ा
चाका—१. पहिया; २. चकवा
चाका-चुकी—लड़ाई, मारपीट
चाकी—चक्की
चाटक—दिमाग की ग्रहण-शक्ति
चाटल—चाटना
चान, चानावा—चाँद
चाननी—चाँदनी
चानी—चाँदी
चान्न सुरुज—चाँद और सूरज
चापट—चपटा
चापल—१. खूब खाना; २. दबाना
चापुर—चपटा
चाबस—शाबास
चाभल—१. चबाना, खाना; २. चूसना
चाभुकि—चाबुक
चारि—चार
चालनि—छलनी
चालल—१. चालना; २. छेद करना
चालि—चाल-चलन
चालि—चाल
चालि-चलन—१. व्यवहार; २. चरित्र
चाली—१. चंचल; २. चालबाज
चावा—चार अंगुल की नाप
चावा-चावा—चप्पा-चप्पा
चास—जुताई
चाह-बगान—१. चाय-बाग; २. एक खेल
चाहल—चाहना
चाहेला—चाहिए
चिकन—चिकना
चिघारल—चिघाड़ना
चिआर-चिआर—फैला-फैलाकर

चिआरल—फैलाना
चिउंरा—चिउड़ा
चिकटी—मैला, गंदा
चिकुरल—घास उखाड़ना
चिकुराना—घास उखाड़ने की मजदूरी
चिक्क—कसाई
चिक्कट—मैला, गंदा
चिक्कन—चिकना, साफ
चिखल—१. चखा हुआ; २. चखना
चिखावल—चखाना
चिखुरल—घास नोचना
चिग्घाड़—जोर से चिल्लाना
चिघारल—चिल्लाना
चिचिआइल—चिल्लाना, व्यर्थ का शोर करना
चिचिरी—एक पौधा
चिचिहरी—रेखा
चिचुहिया—चिड़िया विशेष
चिचोरल—होठों से दबाकर खाना
चिजुइया—वस्तु
चिटकल—चटकना
चिटकावल, चिढ़ावल—चिढ़ाना
चिटुकी—चुटकी
चिट्ठा बन्दी—चिट्ठे में लिखना
चितकाबर—चितकबरा
चितवल—देखना, खयाल करना
चितिआ—कौड़ी
चितिआइल—धब्बा पड़ना
चिथिर-चिथिर—स्थान-स्थान पर फटा हुआ कपड़ा
चिदोरल—फैलाना
चिना बादाम—मूंगफली
चिनिआइल—चीनी की तरह हो जाना
चिनिगी—चिनगारी
चिनिहा—चीनी वाला
चिन्ह, चिह्ना—पहचान, निशान
चिन्हाइल—पहचान में आना
चिन्हार—परिचित
चिन्हारू—पहचान वाला व्यक्ति
चिपकल—चिपकना
चिपरल—चिपटना
चिपरी—उपला
चिप्पड़—बड़ा सा चीपा
चिबिलपन—शरारत
चिमचा, चिमिचा—चम्मच
चिमिटवा—चिमटा
चिम्मर—मजबूत
चियारल—फाड़ना
चियारे—हाथों से फैलाने का कार्य
चिरइया—एक नक्षत्र
चिरई—चिड़िया
चिरई चुरगुन—जीव-जन्तु
चिरउरी—प्रार्थना
चिरकल—पतला पाखाना होना
चिरकुट—फटे वस्त्र का टुकड़ा, चिथड़ा
चिरकुटिहा—चिथड़ा लपेटने वाला
चिरचिराह—चिड़चिड़ा
चिराइन—कड़ुवी गंध
चिरारबन—जंगल
चिरिया—१. कपड़ा जो चीर फट जाय; २. चिता

चिरुआ—चुल्लू
चिरकी—सिर के बीच में लम्बे बालों का गुच्छा
चिलचिलाइल—धूप का चिलचिलाना
चिलबिल—एक पौधा
चिलम, चिलमिया—चिलम
चिलर—चीलर, जूं का सा एक कीड़ा
चिलरहा—जिसके बदन में चीलर हों
चिल्लाइल—चिल्लाना
चिल्ह, चिल्होर—चील
चिल्हिक—दर्द
चिहराइल—जरा सा फट जाना
चिहाइल—आश्चर्य-चकित होना
चिहार—फटन
चिहुक—डर जाने की क्रिया
चिहुकल—चिहुकना, डरना
चिहुल—१. खुश २. चुहल
चीक—बकरा काटने वाला
चीकटि—बहुत मैला
चीकन—चिकना
चीका—ढेला
चीखल—चखना
चीज—सामान इत्यादि
चीजु—वस्तु
चीतरि—पतला विषैला साँप
चीन—एक प्रकार का अनाज
चीना—एक वस्त्र विशेष
चीनिता—चिन्ता
चीन्ह—१. निशान; २. उपहार
चीन्हल—पहचानना
चीन्हा—१. रेखा २. निशान
चीपा—मिट्टी का बड़ा सा भाग
चीमर—मजबूत
चीरल—चीरना
चीरा—कपड़ा
चीलम—चिलम
चीलर—जूं का-सा एक कीड़ा
चीलिह—चील
चीलिहकेला—दर्द करना
चुअल—चूना
चुआवल—चुआना
चुक—चूक
चुकल—चुकना
चुकवा—चूक
चुकावल—चुकाना
चुकिया—१. भूल, गलती; २. मिट्टी का प्याला
चुगुला—चुगुलखोर
चुचुकल—पिचक कर सूख जाना
चुचुर-मांचुर—व्यर्थ की बकवास
चुचुहिया—एक पक्षी विशेष
चुड़इल—चुड़ैल
चुतरी—चूतड़ों पर पड़ी चर्बी
चुतरे—चूतड़
चुनउटी—चूनादानी
चुनचुनाइल—चींटी काटने सा अनुभव
चुनदार—सिकुड़ी हुई
चुनरी—ब्याह की साड़ी
चुनल—चुनना
चुनवट—चूना से पोताई
चुनहा—चूने वाला
चुना—चूना

चुनिआवल—चुनना
चुनियनि—अन्न का टूटा हुआ अंश
चुपवासल—चुप रहने की इच्छा करने वाला
चुपवासलि—चुप करने की इच्छा करने वाली
चुप्पे—१. धीरे से; २. चुपचाप, गुप्त रूपेण
चुबलावल—धीरे-धीरे चूसना
चुभुकल—१. डूबना-उतराना; २. पानी में गोते खाना
चुभुकिया—डुबकी
चुभुर-चुभुर—चूसने का शब्द
चुमकारल—फुसलाना
चुमावन—विवाह के समय की रस्म
चुम्मक—चुम्बक
चुम्मल—चूमना
चुरइल—पकाना
चुरइलि—चुड़ैल
चुरइली—दूध भरी हुई
चुरकी—चोटी
चुरकुनी—छोटे-छोटे टुकड़ों की वस्तु
चुरल—पकना
चुरवा—१. पाटी; २. हाथ में पहनने का जेवर
चुराइल—व्यग्र होना
चुरिहार—चूड़ी बेचने वाला
चुरुआ—चूल्लू
चुरुंग—चिड़िया
चुलबुलाइल—चुलबुली करना
चुल्ली—चुहल करने वाला
चुल्हानी—१. रसोई घर; २. चूल्हा
चुल्हिआ—चूल्हा
चुसवन्ह—चूसने वाला पदार्थ
चुसवाइल—चुसवाना
चुसावल—चूसवाना
चुवल—चूना, टपकना
चुसुत—चुस्त
चुहचुहिया—जल्दी-जल्दी
चुहाड़—बदमाश
चुहान—चूल्हे के पास की जमीन
चुहानी—चूल्हा, रसोइघर
चूंका—मिट्टी का प्याला
चूंगल—चुगना
चूंची—स्तन
चूअल—चूना, गिरना
चूकल—समय निकल जाना
चूकिया—दोष, चूक
चूड़ल, चूनल—चुनना
चून—चूर्ण
चूनरि—साड़ी
चूमल—चूमना
चूमल-चाटल—लाड़-प्यार करना
चूमाचाटी—लाड़-प्यार
चूर—खाट के कोने का भाग
चूरन—कथा का प्रसाद
चूरा—चिउड़ा
चूरिहार—चूड़ी बेचने वाला
चूरी—चूड़ी
चूल, चूल्हि—चूल्हा
चूवल—चूना, टकपना
चूसल—चूसना

चूह—चूहा
चूँउआँ—बच्चों की एक प्रकार की रोटी
चेंगुरल—नस का ऐंठना
चेंगुरा—किसी अंग की ऐंठन
चेंचि—एक पौधा
चेकिन—जाँच-पड़ताल
चेंटिआ—पीछा
चेत—होश
चेतल—होश करना
चेतवावल—होश कराना
चेताई—होश दिलाना
चेना— एक अनाज का पौधा
चेफ—गन्ने का छिल्का
चेफुआ—रद्दी वस्तु
चेरउरी—चिरौरी, मिन्नत
चेरिआ—दासी
चेलहाई—चेले के घर जाना
चेलिक—छैला, युवक
चेलिकवे—पर पुरुष
चेल्हवा—एक मछली
चेहरी—एक छोटी चिड़िया
चैता—चैत का गीत
चैथइल—खेखसा, एक तरकारी
चोंइटा—मछली के ऊपर का हिस्सा
चोंगा—कागज का गोल व लंबा पुलिंदा
चोंगा-भोंगा—लाउड-स्पीकर
चोंत—पाखाने का ढेर
चोंथल—नोचना
चोंथा—एक खाद्य पदार्थ
चोंप—आम का विषैला रस
चोकरल—भैंस का बोलना
चोकवासल—लालच में आने वाला
चोकवासलि—लालच में आने वाली
चोख, चोखा—१. अच्छा; २. नुकीला, तेज
चोखा—भुरता
चोखाइल—१. लालायित होकर आना; २. नोकदार बनाना
चोगद—मूर्ख, उल्लू
चोटा—गुड़ से बना पतला द्रव
चोटाइल—चोट लगना
चोथनी-बकोटनी—खुजलाहट
चोदल—संभोग करना
चोदवावल—संभोग करवाना
चोदवासल—संभोग की इच्छा वाली
चोदाई—संभोग
चोदास—संभोग की इच्छा
चोना—नजाकत
चोनाइल—नजाकत करना
चोन्हराइल—चकाचौंध होना
चोन्हरि—मन्द दृष्टि वाली
चोन्हरिया—चुंधियाई आँखों वाला
चोन्हा—झूठा क्रोध करने वाला
चोप—लासा
चोपी—आम का विषैला रस
चोभल—चुभाना, भोंकना
चोर-चहरी—चोर वगैरह
चोरवा—चोर
चोरावल—चुराना
चोरिनी—चोर स्त्री
चोरिये—चोरी-छिपे

चोलिआ—चोली
चोलीबन—चोलीवन्द, चोली की डोरी
चोवा—तेल-फुलेल
चोअनि—५४, चौवन
चोकवा—चौका
चोठइया—चौथाई
चोबंदी—१. एक पहरावा; २. अंगरखा
चोदे—चौदह
चोरंगी—चारों तरफ
चोसठि—६४, चौसठ
चोनिहार—गंजा
चोमुखो—चौराहा

चंग, चंगा, चंगुल, चंचल, चंट, चंडाल, चंडिका, चंडी, चंदा, चंपत/चंपित, चंपा, चउकड़ी, (अउ = औ) चउकी, चउकोना, चउकोर, चउगान, चउगिर्द, चउगुना, चउड़ा, चउतरफा, चउथ, चउदह, चउधरी, (अउ = औ) चउपट, चउपहल, चउपाई, चउवे, चउमासा, चउमुखी, चउरानबे, चउवन, चउराहा, चक, चकई, चकती, चकनाचूर, चकबंदी, चकमक, चकमा, चकरवर्ती, चकल्लस, चकवा, चकित, चकोर, चक्कर, चक्का, चक्की, चक्कू, चङेरा, चङेरी, चचा, चचिया ससुर, चट, चटपट, चटाई, चटोर, चढ़ाई, चढ़ाव, चढ़ाव उतार, चढ़ावा, चतुर, चतुराई, चदर, चदरी, चपत, चपरासी, चवइना, चबूतरा, चमक, चमगादुड़, चमचम, चमचा, चमड़ा, चमड़ी, चमत्कार, चमाचम, चमार, चमेली, चम्मच, चरखा, चरखी, चरचा, चरन, चरनी, चरपाई, चरवाह, चरसा, चराई, चरित्तर, चनन, चलनी, चलाक (चालाक), चलान, चवँरी, (अव = औ) चवखट, चवगिर्द, चवमुहानी, चवरानबे, चवरासी, चसका, चसम (चश्म), चसमा, चहवच्चा, चहल-पहल, चहलुम, चहारुम, चाँटा, चाक, चाकर, चाकू, चाचा, चाची, चाट, चाटा, चादर, चानमारी, चाभी, चाम, चार, चाल, चालिस, चासनी, चाह, चिउटा, चिउटी, चिक, चिठी, चिचिडा, चिड़िया, चिड़िया-खाना, चित, चित्त, चित्ती, चिथरा/चिथड़ा, चिनगारी, चिमनी, चिरउंजी, चिराग, चिल्लाहट, चीउरा, चीठी, चीता, चीना बादाम, चीनी, चुंगी, चुगलखोर, चुगली, चुटुकी, चुनाई, चुनाव, चुप, चुप्पा, चुप्पी, चुरुट, चूक, चूतर/चूतड़, चूमा, चूल्हा, चूल्ही, चेरी, चेला, चेहरा, चैत, चैन, चोंच, चोंचला, चोकर, चोकीदार, चोट, चोटी, चोट्टा, चोभदार, चोर, चोरी, चोला, चौब, चौकी, चोड़ा(—दे० चउ–, चव–भी), चोहद्दी, चौमुहानी।

छ

छंइटिया—छः ईंट का
छंइटी—१. पशुओं का चारा; २. छोटी डलिया
छंउकल-बघारल—छौंकना
छंउड़ा—लड़का
छंउड़ी—लड़की
छंगुरी—एक आभूषण
छंड़ल—टूटना
छंहाइल—पेड़ के नीचे आराम करना
छई—क्षय रोग
छओ जाना—छह आदमी
छक—छह गुना
छकछकात—र्श घ्रता से
छकड़ा—१. लड़का; २. छकड़ा
छकल—छकना
छकलिया—छः कली वाली या वाला
छका—छह गुना
छकावल—छकाना
छके, छक्के—छह गुना
छगरा—१. पतला-दुबला; २. बकरी का गर्भाधान
छछनल—इच्छुक होना
छछनाइल—चिढ़ना
छछनियो—आडम्बर
छछा—दरिद्र होकर खाना
छछाइल—लालायित होना
छछात—साक्षात्
छछावँ—प्रत्यक्ष ही
छछुआइल—तीव्र लालसा होना
छछूनर—छछूंदर
छटकल—अलग हो जाना
छटकहरि—गाय या भैंस जो दुहते समय कूद जाय
छटकावल—छटकाना
छटपटाइल—छटपटाना
छठई—छठा हिस्सा
छठिआर—छठी का उत्सव
छठिआइल—हठ करना
छड़कल—१. भड़कना; २. कूदना
छड़वा—पैर का गहना
छड़ुआ—अलग किया हुआ
छतनार—छाते सा फैला हुआ
छतवा—छतरी
छतिआइल—छाती से लगा लेना
छतीसा—धूर्तता
छत्तिस—३६
छन—क्षण
छनइलो—छाना हुआ
छनक—शंका
छनकल—१. शंका होना; २. तुरन्त नाराज होना
छनछनाइल—आगपरझट गर्महोजाना
छनना—कपड़े या रस्सी की डोरी
छनमन—झनक-झनक
छनल—छनना
छनाइल—छाना जाना
छनिया—छप्पर
छनुआ—छाना हुआ
छपकल—पानी पीट-पीट कर तैरना
छपका—पानी का छींटा
छपछप—१. ऊपर तक; २. पानी पीटने की आवाज

छपछपई—बराबर
छपटल—काटना
छपटी—पशुओं का चारा
छपन्ना सौ—१५६
छपया—पशुओं का एक रोग
छपल—छपना
छपाइल, छपावल—१. छपा हुआ; २. छपाना
छपिटाइल—दर्द के मारे इधर-उधर होना, छटपटाना
छबड़ी—टोकरी
छब्बिस—छब्बीस
छब्बीसा सौ—१२६
छयल—पति
छरकल—१. छटकना; २. गुस्सा होने की दशा
छरछरहटि—छरर-छरर की आवाज
छरछराइल—छरछरा कर गिरना
छर-देवाली—चहार-दीवारी
छरहर—१. मजबूत, पतले शरीर वाला; २. छरहरा भात
छरिआइल—हाथ-पैर पटकना, रोना-धोना
छलकट—खतना किया हुआ लिंग
छलकल—१. फैशन; २. छलकना
छलछलाइल—पानी आदि का थोड़ा-थोड़ा करके गिरना
छलल—छलना
छलांग--चौकडी
छलावा—फैशन
छव—छह
छवड़ाँ—लड़का
छवछिआइल—रंज मालूम होना
छव-पांच—पांच-छह
छवना—सुअर का बच्चा
छवरि—पशुओं के लिए तंग राह
छवाइल—मरम्मत करना
छहरल—शोभित होना
छत्र—सहारा
छाँगरि—छह अंगुलियों वाला
छाँट—उल्टी, कै
छाँटल—छाँटना
छाँड़न—सोना, पानी का स्रोत
छाँड़ल—छोड़ना
छाई-छुपी—मरम्मत करके
छाक--धोबी को दिया जाने वाला कलेवा
छाक्का—छक्का
छाग—गहना विशेष
छागल—पैर का गहना
छाछठि—६६
छाछात—साक्षात्
छाजनि—छप्पर
छाजल—छाजना, शोभित होना
छाटल—छांटना
छाड़ा—गहना विशेष
छाड़ि—बिना
छान--रस्सी
छानल—छानना
छानी, छान्ही--छप्पर
छान्बे—९६, छियानबे
छान्हि-बान्हि--बांध-बूंध
छाम-छूम—बहार, फैशन

छार—धूल
छारवा—नाश
छालटी—छाल या सन का वस्त्र
छाली—मलाई
छाव—हाव-भाव
छावल—छाना
छिकनी—छीक करने वाली
छिकवावल—छिकवाना (छीक से)
छिकुनी—छड़ी, कमची
छिकोटी—चिकोटी
छिछिआइल—व्यग्र होकर आना
छिटकल—छिटक जाना
छिटकवाह—दूर-दूर पड़ा हुआ
छिटका—छींटा; बूंद
छिटकाइल—अलग करना
छिटकी—बूंद का कण
छिटल—छीटना, छिड़कना
छिटाइल—बिखरना
छिटावल—छिड़कवाना
छिटुआ—बिखेरा हुआ
छिट्टा—बड़ा बूंद
छितनी—छोटी टोकरी
छितराइल—छितर जाना
छिनकल—हटना
छिनगाइल—हटा लेना
छिनरई—दुष्ट औरत का बुरा पेशा
छिनरपन—व्यभिचार
छिनरहटि—छिनारपन
छिनरा—बदमाश पुरुष
छिनरी—छिनार स्त्री
छिनरो—एक गाली, छिनार
छिनल—छीनना
छिनाइल—छिनना
छिनाई—मजदूरी
छिनार, छिनानि—व्यभिचारिणी
छिनंआ—छीनने वाला
छिपल—छिपना
छिपिआ-मड़निया—लड़कियों के खेलने की वस्तुएं
छिपुली—छोटी थाली
छिमा—क्षमा
छिया—गन्दी वस्तु
छिरकल—छिड़कना
छिलल—छीलना
छिलाइल—छिल जाना
छिलोत्तर सौ—१४६
छिहत्तरि—७६
छिहत्तरि सौ—१७६
छींकल—छींकना
छींकि—छींक
छीछलेदर—१. छिछला बर्तन; २. छीछालेदर, दुर्गति
छीछिल—छिछला
छीजल—घटना
छीटल—छींटना
छीनल—छीनना
छीना-छीनी—छीना-झपटी
छीनार—दुष्ट औरत, छिनार
छीपल—थापना, छोपना
छीपा—थाली
छीया—गन्दी वस्तु
छीलल—छीलना

छुअल—छूना
छुआवल—छुआना
छुछुनर—छछूंदर
छुछुआपा—क्षुद्रता
छुटल—छूटना
छुटुकल—छूना
छुट्टा—अकेला
छुड़िया—चाकू, छुरी
छुतिहर—भ्रष्ट व्यक्ति
छुतिहा—गन्दा
छुधा—भूख
छुरा—उस्तरा
छुल्ल—जल्दी से
छूंछ—खाली
छूंछी—नाक में पहनने का गहना
छूअल—छूना
छूटल—छुटना
छूड़ी—चाकू, छुरी
छूमन्तर—१. झटपट; २. जादू
छूरी—चाकू
छूवल—छूना
छेंकल—छेंकना, रुकावट डालना
छेंका—रुकावट
छेइहाइल—थोड़ा सा काटना
छेगड़ाइल—गर्भिणी होना
छेड़ल—परेशान करना
छेत—क्षेत्र
छेदना—वर्मा, छेदने का औजार
छेदल—छेदना
छेदाई—छेदने की मजदूरी
छेमा—क्षमा
छेरल—अपचरोग या दस्त होना
छेरि, छेरी—बकरी
छेरियाइल—जिद्द पकड़ना, जिद्द करना
छेव—१. घाव; २. काटना
छै—१. क्षय; २. छह
छैल-चिकनिया—शौकीन, बना-ठना व्यक्ति
छैलल—फैलना
छोंड़ि, छोंड़ी—कोठिला
छोंह—क्षोभ
छोआ—रद्दी गुड़
छोकड़ा, छोकड़वा—लड़का
छोट, छोटल—छोटा
छोटकवा—छोटा वाला
छोटका—छोटा
छोटमोट—छोटा-मोटा
छोटहन—छोटा
छोटाई—लघुता, छोटापन, नीचता
छोटि—छोटी
छोड़—छूट
छोड़ल—छोड़ना
छोपनी—१. लेप; २. ढक्कन
छोपा—ढक्कन
छोब—क्षोभ
छोरल—छीनना
छोरा-छोरी—छीना-झपटी
छोलन—शेष रहना
छोलनी—बाँस की खपाची
छोलल—छोलना, छीलना
छोवा—लड़का
छोवा-छिनी—छीना-झपटी

छोह—प्रेम
छोहाइल—खुश होना
छोहाड़ा—छुहारा
छौंकल—बघारना
छौना—सुअर का बच्चा

छंटनी, छटपटी, छटांक, छठी, छड़, छड़ी, छड़ीदार, छत, छत्ता, छदाम, छपाई, छपाखाना, छप्पन, छत्र, छवि, छबीला, छमछम, छमता, छमा, छमाही छल, छलांग, छलिया, छल्ला, छाँट-छूंट, छाँह, छाउनी, छाछ, छाता, छाती, छाप, छापा छाया, छाल, छाला, छावनी, छिछला, छिटपुट, छिन, छिलका, छिलाई, छीक, छींका, छीना-झपटी, छुआ-छूत, छुई-मुई, छुटकारा, छुट्टी, छुरी, छुहारा, छूट, छूमंतर, छेद, छेना, छेनी, छैला, छोर।

ज

जंगल फराकति—दिशा-मैदान
जंजिरिया, जंजीर—जंजीर
जंघिया—जाँघिया
जंतसार—चक्की (के गीत)
जंजाली—फसादी
जइंया—जई
जइहाँ—अच्छा निर्णय करने वाला
जइनिहार—जाने वाला
जइसन—जैसा
जउआ—जो
जउरि—१. पतली रस्सी; २. मोटा चावल
जक—१. हठ; २. भय
जकड़बन—जकड़बन्द
जकड़ल—जकड़ना
जकसन—जंकशन
जक्की—हठी, झक्की
जखी—जिद्दी
जखेड़ा—मनुष्यों का समूह
जगई—जागने की क्रिया
जगता—प्रसिद्ध
जगत्तर—दुष्ट मनुष्य
जगरूप—विवाह का एक 'काष्ठ-स्तंभ'
जगल—जगना
जगहा—जगह, स्थान
जगाइल—जगाना
जगवैया—जगाने वाला
जगेह, जग्गह—जगह, स्थान
जग्गि—यज्ञ
जङरइत—बल वाला
जचनिहार—जाँच करने वाला
जचल—जाँचना
जजमनिका—पुरोहिती
जजाति—फसल
जटल—ठगना
जटही—एक फूल विशेष
जटाइल—ठगा जाना
जट्टाइन—जला हुआ
जट्टि—लट
जड़इया—जूड़ी (बुखार)

जड़काला—जाड़े का समय
जड़ल—१. जड़ना; २. पिरोना
जड़हन, जड़हनी—१. एक विशेष धान; २. एक विशेष प्रकार का भात
जड़ा—जाड़ा
जड़ाल—जाड़ा लगना
जड़ावरि—जाड़े का वस्त्र
जड़ी—१. जड़ी-बूटी; २. जरी (बेलबूटा) कढ़ाई
जढ़ो—जिद्द करने वाला
जतरा—यात्रा
जतसार—पीसने के समय का एक गीत
जतहत—जितना बड़ा
जतिगर—अच्छे प्रकार का
जतिहा—जाति वाला
जतेक—जितना
जद्द-बद्द—बुरा-भला
जन—१. आदमी; २. नहीं, मत
जनउरी—जनवरी
जनखा—मेहरा, खुसरा
जनमल—जन्म लेना
जनमला—जन्म लेने का
जनवावल—जताना, ज्ञात कराना
जनाइल—मालूम होना
जनावल—समझाना, ज्ञात कराना
